



बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 18 जुलाई 2026 | दिन - शनिवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 172 | मूल्य - 5 रुपये










## महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों के किराये में 13.56 प्रतिशत वृद्धि

मुंबई, (भाषा)।

महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएस आर टी सी) की बसों के किराये में 13.56 प्रतिशत वृद्धि को राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटीए) ने मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि डीजल की बढ़ती कीमतों और अन्य कारणों के चलते किराया बढ़ाया गया है और नयी दरें 17-18 जुलाई की मध्यरात्रि से लागू होंगी।

एमएसआरटीसी देश की सबसे बड़ी सरकारी बस सेवा संस्थाओं में से एक है और इसके पास 14,000 से अधिक बसें हैं। हर दिन 55 लाख से ज्यादा यात्री इसकी बस सेवाओं का उपयोग करते हैं। निगम ने एक बयान में कहा कि साधारण बसों पर लागू 10 प्रतिशत मौसमी किराया बढ़ोतरी वापस ले ली जाएगी। 15 जुलाई को निगम ने इस मौसमी किराया बढ़ोतरी को महीने के अंत तक बढ़ाने का फैसला किया था। बयान में कहा गया है कि खाड़ी क्षेत्र की भू-राजनीतिक स्थिति के कारण डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी, कर्मचारियों के भत्तों पर बढ़ा खर्च, और कलपुर्जों, टायर तथा वाहनों के रखरखाव की लागत बढ़ने के कारण किराये में संशोधन को मंजूरी दी गई। बयान में कहा गया है कि निगम की वित्तीय स्थिति को ठीक बनाए रखने के लिए किराया बढ़ाना जरूरी था।

# 'मैं किसी भी कीमत पर 20 जुलाई तक ज़िंदा रहूंगा': सोनम वांगचुक

नई दिल्ली, (भाषा)।

***जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने शुक्रवार को कहा कि वह किसी भी कीमत पर 20 जुलाई तक जीवित रहेंगे। उनकी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का आज 20 वां दिन है और डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि लंबे समय***




से चल रहा उनका उपवास अब गंभीर स्थिति में पहुंच गया है। परीक्षा में कथित गड़बड़ियों को लेकर जंतर-मंतर पर 'कॉकरोच जनता पार्टी' (कॉजपा) का विरोध प्रदर्शन 28वें दिन में प्रवेश कर गया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आज वांगचुक और अन्य प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की। प्रदर्शन स्थल पर समर्थकों को संबोधित करते हुए वांगचुक ने अपनी बिगड़ती शारीरिक स्थिति को स्वीकार किया, लेकिन कहा कि उनका संकल्प अडिग है। उन्होंने कहा, मैं बाहर से कमजोर हूं, लेकिन अंदर से बहुत मजबूत हूं। मुझे यकीन है कि आप सभी अंदर और बाहर, दोनों तरह से मजबूत हैं। हमें 20 जुलाई के लिए इस ऊर्जा की ज़रूरत है, जब हम संसद तक शांतिपूर्ण मार्च निकालेंगे। हम सब मिलकर लोकतंत्र के मंदिर में अपनी बात रखेंगे। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज़ में कहा, मैं किसी भी हाल में 20 जुलाई तक जिंदा रहूंगा। अगर आप नहीं आए और 20 जुलाई का प्रदर्शन सफल नहीं हुआ, तो मैं भूत बनकर वापस आऊंगा। उनकी इस बात पर वहां मौजूद लोगों ने तालियां बजाईं। पिछले 24 घंटों में वांगचुक का वजन 350 ग्राम और कम हो गया, जिससे उनका कुल वजन लगभग 9.5 किलोग्राम कम हो गया है।

उनकी देखभाल कर रहे चिकित्सकों के दल की ओर से जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार, वांगचुक का वजन अब 56.55 किलोग्राम है। उनका रक्तचाप 108/68 एमएमएचजी, रक्त शर्करा 80 एमजी/डीएल, पल्स रेट 72 प्रति मिनट और ऑक्सीजन संतृप्तता 96 प्रतिशत दर्ज की गयी। डॉक्टरों ने बृहस्पतिवार को चेतावनी दी थी कि लंबे समय तक उपवास के कारण उनकी हालत गंभीर हो गई है और अगर भूख हड़ताल जारी रही, तो अगला चरण चिंताजनक हो सकता है और अंगों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। वांगचुक ने हालांकि, उपवास खत्म करने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया मिले बिना इसे खत्म करने से गलत संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि अब पूरा ध्यान 20 जुलाई को होने वाले संसद मार्च को सफल बनाने पर होना चाहिए। यह मामला दिल्ली उच्च न्यायालय भी पहुंच गया है, जिसने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे वांगचुक की सेहत पर रोज नजर रखें और अगर उनकी हालत बिगड़ती है, तो उन्हें चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराएं। भूख हड़ताल कर रहे अन्य लोगों की हालत भी बिगड़ रही है। भाकपा (माले) लिबरेशन से संबद्ध ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने कहा कि उसके सदस्य नेहा, मनीष और आमीन की हालत गंभीर हो गई है। ये तीनों भी प्रदर्शन स्थल पर एक अलग मंच पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। एक बयान में आइसा ने कहा कि निर्जलीकरण की वजह से आमीन को 'हाइपोवोलेमिक शॉक' का खतरा था, नेहा का रक्त शर्करा स्तर खतरनाक रूप से गिरकर 49 एमजी/डीएल हो गया था और मनीष का वजन उसके शरीर के कुल वजन का 10 प्रतिशत से ज्यादा कम हो गया था।

संगठन ने कहा कि छात्र तब तक सोनम वांगचुक के साथ एकजुटता बनाए रखने के लिए दृढ़ हैं। कॉजपा के आंदोलन को राजनीतिक समर्थन मिलना जारी है। शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने जंतर-मंतर पर वांगचुक और अन्य प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की। खेड़ा का यह दौरा समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव के भूख हड़ताल कर रहे लोगों से मिलने और केंद्र सरकार से बातचीत शुरू करने की अपील करने के एक दिन बाद हुआ। साथ ही, आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी, शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी वांगचुक की सेहत पर चिंता जताई और संसद तक प्रस्तावित मार्च के लिए अपना समर्थन दिया। आंदोलन को अभिनेता प्रकाश राज, दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी, तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा और सागरिका घोष का भी समर्थन मिला है।

# हर वर्ष की तरह रिकार्ड कायम करते हुए गोंदिया के कैरियर जोन ने नीट परीक्षा में दर्ज की बड़ी सफलता..

### 45 से अधिक विद्यार्थी एमबीबीएस में प्रवेश के लिये हुए पात्र..

### डायरेक्टर रोहित झा के नेतृत्व में कैरियर जोन ने गाड़ा सफलता का झंडा..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर के हड्डीटोली मार्ग पर स्थित शिक्षाविद रोहित झा के प्रतिनिधित्व में आईआईटी - जेईई एवं नीट के संदर्भ में संचालित कैरियर जोन के छात्र छात्राओं ने हर वर्ष की तरह एक बार फिर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (नीट) की परीक्षाओं में रिकार्ड सफलता प्राप्त कर गोंदिया जिले को गौरवान्वित किया है। इस वर्ष री नीट***




परीक्षा में कैरियर जोन संस्थान के 45 से अधिक विद्यार्थियों ने एमबीबीएस प्रवेश हेतु आवश्यक योग्यता प्राप्त कर कैरियर जोन के साथ-साथ पूरे गोंदिया जिले और विदर्भ क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## यह है टॉपर्स की सूची..

संस्थान की टॉप परफॉर्मर सूची में मुस्कान रहांगडाले ने 607 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं वीर कुमार ने 600 अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। संस्थान की छात्रा सुफियान खान ने 594, गौरव भेलावे ने 588, यूक्ता लोहकर ने 573 तथा शिरीष कात्रे ने 572 अंक अर्जित किए। इसके अतिरिक्त आस्था कात्रे (573), येश्वरी गजभिये (571), रोहिणी लांजेवार (571), तनुश्री नाकतोडे (561), कलश लिल्हारे (560), मृगेंद्र उपवंशी (560), वंशिका कात्रे (558), सोहम गुरव (558) और सहर्ष भुरे (555) ने भी उल्लेखनीय अंक प्राप्त किए। श्रीवंश रहांगडाले (554), तन्मय हरिणखेड़े (554), पलक तिघरे (550), लव टेंभरे (543), वेदांत राउत (540), पूजा मोहरे (536), प्रतिज्ञा टेंभुरनीकर (534), साक्षी पटले (533), शोधशी कनोजे (532) और निहाल बानोथे (529) ने भी संस्थान की सफलता में योगदान दिया। वहीं सूरभी पारधी (528), रोहन ढेकावार (527), प्रणव नागपुरे (524), दामिनी पाटले (522), पार्थी अपार (515), आस्था अग्रवाल (514), विप्लव खोब्रागड़े (513), नमन लोहभरे (509), प्रज्ञा पाटील (507), प्रतीक नागपुरे (505) और केशिका लिल्हारे (500) ने भी 500 से अधिक अंक अर्जित कर मेडिकल प्रवेश हेतु अपनी योग्यता सिद्ध की।

उल्लेखनीय है कि इनमें से कई विद्यार्थी फ्रेशर श्रेणी में शामिल थे, जिन्होंने अपने पहले ही प्रयास में यह असाधारण सफलता हासिल कर कैरियर जोन की शिक्षण पद्धति की गुणवत्ता को साबित किया।



## डायरेक्टर रोहित झा ने दी विद्यार्थियों को बधाई..

इस ऐतिहासिक सफलता पर कैरियर जोन के डायरेक्टर रोहित झा ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा – यह परिणाम केवल आंकड़े नहीं हैं, यह हमारे विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और हमारी टीम की प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब हैं। कैरियर जोन में हम हर विद्यार्थी की क्षमता को पहचानकर उसे सही दिशा देने का प्रयास करते हैं। श्री झा ने आगे कहा कि विदर्भ क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण मेडिकल और इंजीनियरिंग शिक्षा को सुलभ बनाना उनका मिशन रहा है, और कैरियर एक्सवन इस दिशा में निरंतर अग्रसर है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में संस्थान और भी बेहतर परिणाम देकर गोंदिया को विदर्भ के शिक्षा मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। गौरतलब है कि रोहित झा के नेतृत्व में कैरियर जोन ने पिछले कई वर्षों से गोंदिया एवं आसपास के क्षेत्र में आईआईटी, जेईई और नीट की तैयारी में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। अनुभवी फैकल्टी, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और अनुशासित शिक्षण पद्धति के दम पर संस्थान लगातार बेहतरीन परिणाम देकर क्षेत्र के विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# गोंदिया के सिद्धी विनायक इंस्टीटयूट ने फिर इस वर्ष दिया नीट परीक्षा में जिले का टॉपर.. लगातार बन रहा सफलता का रिकार्ड..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***नीट परीक्षा 2026 के परीक्षा परिणाम 16 जुलाई को घोषित किये गए, जिसमें एक बार फिर गोंदिया के सिद्धीविनायक एजुकेशन इंस्टीटयूट ने सफलता का परचम लहराते हुए जिले का टॉपर विद्यार्थी अपने शिक्षा संस्थान से देने का रिकार्ड बनाया है। गौरतलब है कि गत वर्ष की सिद्धी विनायक इंस्टीटयूट की छात्रा कु. विशाखा राहंगडाले ने जिले में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर जिले में टॉपर रही थी, इसके बाद एक बार फिर जिले का टॉपर ओजस राहंगडाले रहा, जिसने कि 634 अंक हासिल कर गोंदिया जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।***




गौरतलब है कि संस्थान के अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया। इनमें समीर कटरे (592), अवनी भगत (554), मंजीरी धोके (546), सावली वैद्य (545), आर्या माहुले (542), आशना रघुवंशी (538), रुतुजा भंडारकर (535), विनोद रहांगडाले (533), साक्षी कुंगवानी (526), कुणाल जैतवार (525) तथा राधिका मुंदड़ा ने (512) अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। गौरतलब है कि गोंदिया शहर में स्थित सिद्धिविनायक एजुकेशन इंस्टीट्यूट का संचालन जलज एड़े सर कर रहे हैं, जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के प्रत्येक प्रश्न का उचित समाधान करते हुए उन्हें तैयार करने पर फोकस किया जाता है।

एडमिशन की होड़ से दूर हटकर अपने एक एक विद्यार्थी के पीछे कड़ी मेहनत करने का प्रयास किया जाता है, जिसका परिणाम है कि सिद्धी विनायक इंस्टियूट में प्रवेश लेने के लिये ना सिर्फ गोंदिया अपितु बालाघाट, नागपुर, अमरावती यहां तक की मुंबई के छात्र भी गोंदिया पहुंच रहे हैं। गौरतलब है कि संस्थान प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय अनुभवी शिक्षकों, नियमित टेस्ट सीरीज़, स्मार्ट क्लासेस, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की मेहनत को दिया है।

## जलज सर ने दी बधाईयां..

**गौरतलब है कि निरंतर सफलता का परचम लहराते हुए सिद्धीविनायक एजुकेशन इंस्टीटयूट के अनेक विद्यार्थीयों ने एक बार फिर एमबीबीएस में प्रवेश की पात्रता प्राप्त कर जिले का नाम रौशन किया है। विद्यार्थीयों की सफलता पर संस्था के संचालक जलज एड़े सर ने विद्यार्थीयों को बधाई देते हुए उनके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।**




कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800





जग प्रेरणा live शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई




मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।

Hero BAJAJ HONDA TVS

मनीष वर्मा
मो. 9425448126

वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


# साज सज्जा और सुविधाओं से युक्त हुआ बालाघाट रेलवे स्टेशन, प्रधानमंत्री ने किया वर्चुअली लोकार्पण..

## जनप्रतिनिधि रहे मंचासीन, विधायक अनुभा मुंजारे ने की ब्रॉडगेज नेता अनुप सिंह बैस के संघर्ष की प्रशंसा..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ी, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देशभर के 75 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों की श्रेणी में बालाघाट रेलवे स्टेशन का भी लोकार्पण किया। इस***




अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बालाघाट रेलवे स्टेशन पर समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सांसद भारती पारधी, विधायक गौरव पारधी, विधायक अनुभा मुंजारे, नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश रंगलानी, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अभय सेठिया, महेन्द्र सुराना, ब्रॉडगेज संघर्ष समिति के अध्यक्ष अनुप सिंह बैस, रेल सलाहकार समिति सदस्य मोनिल जैन, अभय कोचर, पार्षद राज हरिनखेड़े, गणेश अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य डुलेन्द्र ठाकरे एवं रेल विभाग के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण देखा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 2:00 बजे अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों के आगमन के साथ हुआ। स्थानीय स्कूल बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई तथा मंचासीन अतिथियों का पौधा, शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एवं नोडल अधिकारियों ने स्वागत उद्बोधन में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बालाघाट रेलवे स्टेशन पर किए गए पुनर्विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन स्टेशनों को आधुनिक यात्री सुविधाओं, दिव्यांगजन अनुकूल अवसंरचना, आकर्षक स्टेशन भवन, उन्नत प्रतीक्षालय, आधुनिक शौचालय, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, डिजिटल यात्री सूचना प्रणाली, सुगम आवागमन, सौंदर्यीकरण तथा स्थानीय कला एवं संस्कृति की झलक को समाहित करते हुए विकसित किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास के स्वर्णित इतिहास रचे जाने की बात कही। कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने बालाघाट जिले में छोटी रेल लाईन से बड़ी रेल लाईन अमान परिवर्तन के लिये तथा बालाघाट से अनेक सीधी रेल सेवाओं के संघर्ष के लिये ब्रॉडगेज संघर्ष समिति के अध्यक्ष अनुप सिंह बैस के संघर्ष की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना के उपलक्ष्य में आयोजित चित्रकला, निबंध, प्रश्नोत्तरी, ड्राइंग एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के केंद्रीय कार्यक्रम का तीनों स्टेशनों पर सजीव प्रसारण किया गया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने भारतीय रेलवे के तीव्र आधुनिकीकरण, विश्वस्तरीय यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा विकसित भारत के निर्माण में रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के पश्चात अमृत भारत स्टेशन योजना की स्मारक पट्टिका का अनावरण किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन हुआ।

अमृत भारते स्टेशन योजना के अंतर्गत बालाघाट रेलवे स्टेशन का 8.03 करोड़ की लागत से किया गया है। इन परियोजनाओं के माध्यम से स्टेशनों को आधुनिक, सुरक्षित, पर्यावरण-अनुकूल एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया गया है, जिससे यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वस्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध हो रही हैं। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक -श्री बिजय कुमार, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता-श्री मनीष अग्रवाल, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक- श्री अरविन्द कुमार मेश्राम सहित नागपुर मंडल के विभागीय अधिकारीगण एवं कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, रेल उपयोगकर्ता समिति के सदस्य, विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। समारोह ने अमृत भारत स्टेशन योजना के माध्यम से भारतीय रेलवे के आधुनिक, समावेशी एवं यात्री-केंद्रित विकास के संकल्प को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया।

# राईस मिलर्स पर अनावश्यक पुलिस प्रताड़ना सहन नही की जायेगी - अभय सेठिया

## चेम्बर ऑफ कॉमर्स लड़ेगा राईस मिलर्स की जायज मांगो की लड़ाई..

## सौपेंगे मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***एक तरफ जहां बालाघाट जिले में वर्षों से स्थापित कवेलु एवं टाईल्स उद्योग दम तोड़ चुका है, तो वहीं सरकार की नीतियों के कारण राईस उद्योग भी दम तोड़ता नजर आने लगा है। सरकार की नीतियों के कारण तथा अनावश्यक पुलिस हस्तक्षेप के कारण बालाघाट जिले का राईस मिलर्स भी पुलिस प्रताड़ना का भी***

शिकार हो रहा है, तथा जहां उसकी जवाबदेही आयकर, जीएसटी, खाद्य विभाग की देख रेख में व्यापार संचालन की थी, वहीं अब पुलिस विभाग के हस्तक्षेप के कारण व्यापारियों को चोर करार देकर उन पर आपराधिक कार्यवाही किये जाने की प्रक्रिया से जिले में समस्य व्यवासियों में हड़कंप मचा हुआ है, तथा व्यापारी सर्वाधिक टैक्स और सरकार को तरह तरह से लाभान्वित करने के बाद भी अपने आपको ठगा सा महसुस कर रहा है।

व्यापारियों और राईस मिलर्स की ऐसी दयनीय स्थिति में अब सरकार के समक्ष व्यापारियों को पक्ष रखने के लिये आगे आने का फैसला बालाघाट चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने किया है, तथा चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अभय सेठिया ने जगप्रेरणा को बताया कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स राईस मिलर्स की उचित मांगों की लड़ाई के लिये आगे आयेगा। अभय सेठिया ने कहा कि राईस मिलर्स पर पुलिस की अनावश्यक प्रताड़ना भी हरगिज बर्दाश्त नहीं की जायेगी। श्री सेठिया ने यह भी कहा कि चेम्बर के सभी पदाधिकारियों और राईस मिलर्स की संयुक्त बैठक बुलाकर सरकार के समक्ष राईस मिलर्स की मांग को पहुंचाने का कार्य किया जायेगा।

## शिकायतों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यवाही

# सावजी भोजनालय में मिली भारी गंदगी, जैन बेकरी के खाद्य नमूने जांच के लिए भेजे..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले में खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर खाद्य सुरक्षा प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में प्राप्त शिकायतों के आधार पर गर्रा स्थित सावजी भोजनालय और जैन बेकरी में औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान सावजी भोजनालय में गंभीर स्वच्छता संबंधी***



खामियां सामने आने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया, जबकि जैन बेकरी से खाद्य नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने गर्रा स्थित सावजी भोजनालय का निरीक्षण किया। जांच में प्रतिष्ठान का खाद्य सुरक्षा पंजीयन तो वैध पाया गया, लेकिन किचन और परिसर की हालत बेहद खराब मिली। निरीक्षण के दौरान किचन एवं बर्तन धुलाई क्षेत्र की दीवारें और फर्श जर्जर एवं टूटी-फूटी पाए गए।

परिसर में मक्खियों का प्रकोप, गंदगी, अव्यवस्थित रखरखाव तथा अस्वच्छ वातावरण देखने को मिला। अधिकारियों ने इसे खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन मानते हुए संबंधित भोजनालय के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया।

इसी तरह, जैन बेकरी के खिलाफखाद्य पदार्थों में रसायनों एवं कृत्रिम रंगों के उपयोग की शिकायत मिलने पर जांच की गई। कार्रवाई के दौरान डोनट, इंप्रूवर, एनहांसर सहित अन्य खाद्य सामग्री के नमूने एकत्रित कर विधिवत परीक्षण के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। विभाग का कहना है कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि नमूने मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाते हैं तो संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफखाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में आम नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे। मिलावट, अस्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर हुए सख्त, ब्लैक स्पॉट पर स्ट्रीट लाइट लगाने के दिए निर्देश

जगप्रेरणा बालाघाट।

***सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण***



मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, यातायात थाना प्रभारी सुश्री यीना रहेंगडाले, ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के अधिकारी सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के अन्य सदस्य और संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### प्राथमिकता के आधार पर लगेंगे स्ट्रीट लाइट

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने जिले के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों, जिन्हें 'ब्लैक स्पॉट' के रूप में चिन्हित किया गया है, की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन ब्लैक स्पॉट पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था का अभाव है, वहां प्राथमिकता के आधार पर तत्काल स्ट्रीट लाइट लगाई जाए। कलेक्टर ने कहा कि रात्रि के समय होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़कों पर बेहतर रोशनी होना अत्यंत आवश्यक है।

### समन्वय के साथ करें कार्य

कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा को सभी संबंधित विभागों की साझा जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी निर्माणाधीन और सुधारात्मक कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए।


## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।


# लामता सिंचाई प्लांट आगजनी मामले में आदिवासी नेता शुभम उईके ने लगाए पुलिस पर अन्यायपूर्ण कार्यवाही के आरोप..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले में इन दिनों पुलिस कार्यवाही को लेकर चारों तरफ असंतोष का माहौल दिखाई देने लगा है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के नेतृत्व में जहां राईस मिलर्स पर की जा रही कार्यवाहीयां सुर्खियों में है, वहीं जिले में अनेक हत्या***



और आत्महत्या के मामलों में पुलिस खुलासा करने में तक नाकामयाब रही है। वहीं जबकि लामता थाना क्षेत्र में 1 जुलाई को माइक्रो लिफ्ट सिंचाई प्लांट में आगजनी का मामला घटित हुआ, जिसमें भाजपा नेताओं को गिरफ्तार तो किया गया, लेकिन संगीन जुर्म में शासन के करोड़ों का नुकसान होने के बाद भी बुलडोजर की अपेक्षित कार्यवाही नहीं की गई, वहीं मामले में 15 दिन बाद 9 आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई है, जिसके बाद अब कार्यवाही पर आज 17 जुलाई को आदिवासी विकास परिषद के युवा अध्यक्ष शुभम उईके ने पुलिस कार्यवाही पर सर्वालिया निशान खड़े करते हुए आरोप लगायो कि पुलिस ने 5 ऐसे लोगों को भी आरोपी बना दिया है, जो घटना के वक्त एक मृत्यु कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। उन्होंने एक ही परिवार के पिता-पुत्र को आरोपी बनाए जाने पर भी आपत्ति जताते हुए इसे पूरी तरह गलत और अन्यायपूर्ण बताया। शुभम उईके ने कहा कि पुलिस थ्योरी बदलने का प्रयास कर रही है। पहले पुलिस सिर्फ 8-9 आरोपियों की बात कह रही थी, लेकिन अब अचानक 30-32 लोगों के शामिल होने का दावा किया जा रहा है। उन्होंने साफचेतावनी दी है कि यदि बाद में जोड़े गए नामों में से कोई भी निर्दोष पाया गया, तो आदिवासी विकास परिषद और पूरा समाज पुलिस के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराएगा। मामले में गिरफ्तार किए गए सरपंच की पत्नी सरोज सिरसाम ने भी पुलिसिया कार्रवाई को प्रताड़ना बताया है।

शुभम उईके ने आरोप आरोप लगाया कि पुलिस ग्रामीणों को उनके खेतों या कहीं से भी अचानक उठाकर ले जा रही है, जिससे पूरी पंचायत और आसपास के इलाकों में डर और दहशत का माहौल बन गया है। गौरतलब है कि मामले में लामता थाना प्रभारी जितेंद्र चौहान ने कहा कि पुलिस अपनी तरफ से कोई मनमानी कार्रवाई नहीं कर रही है। पुलिस केवल उन्हीं लोगों को आरोपी बना रही है, जिनके नाम चश्मदीद गवाहों और पहले से पकड़े गए आरोपियों ने अपने बयानों में उजागर किए हैं।

# कलेक्टर मृणाल मीना ने की नगरीय विकास एवं आवास विभाग के कार्यों की समीक्षा..

## विकास कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के दिये निर्देश

जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने शुक्रवार 17 जुलाई को नगरीय विकास एवं आवास विभाग के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों***



को नगरीय निकायों से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, जिले की सभी तहसीलों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री मीना ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाबों के संरक्षण, गहरीकरण एवं पुनर्जीवन कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि सभी कार्यों में तेजी लायी जाए और तय समय-सीमा के भीतर उन्हें पूर्ण किया जाए, ताकि जल संरक्षण के उद्देश्य को प्रभावी रूप से साकार किया जा सके। बैठक में ठोस अवशिष्ट प्रबंधन अधिनियम-2026 के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। उन्होंने आवारा मवेशियों एवं घूमंतु श्वानों के प्रभावी प्रबंधन के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार कर उसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### स्मार्ट फिश पार्लर और गीता भवन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश..

कलेक्टर ने स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माण एवं अन्य प्रक्रियाओं में तेजी लाकर परियोजना को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं गीता भवन की स्थापना की प्रगति की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणों में भूमि आवंटन होने के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, उनमें आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही लंबित भूमि आवंटन के सभी मामलों का एक सप्ताह के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

### जर्जर भवनों की पहचान कर करें आवश्यक कार्रवाई

बैठक में कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्रों में स्थित जर्जर एवं जोखिमपूर्ण भवनों की पहचान कर उनकी सूची तैयार करने, आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने तथा नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# आईटीआई छात्र को बंधक बनाकर बेरहमी से मारपीट कर वीडियो वायरल करने वाले 5 आरोपी एवं 4 विधि विवादित बालक गिरफ्तार

## घटना में प्रयुक्त डंडा एवं क्लच वायर जप्त, शेष आरोपियों की तलाश जारी..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***दिनांक 14/07/2026 को सोशल मीडिया पर एक युवक के साथ सामूहिक मारपीट का वीडियो वायरल होने पर पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लिया गया।***

वीडियो में कई युवकों द्वारा एक युवक को बंधक बनाकर गाली-गलौच करते हुए बेरहमी से मारपीट करते हुए देखा गया। वीडियो के वायरल होते ही शहर में आक्रोश व्याप्त हो गया।

पुलिस जांच में ज्ञात हुआ कि पीड़ित युवक सोहेल खान, निवासी भोमा, थाना कान्हीवाड़ा, आईटीआई चूनाभट्टी में अध्ययनरत है। दिनांक 07/06/2026 को दोपहर करीब 12:30 बजे पीड़ित जब आईटीआई राहंगडाले की कैंटीन में था, तभी 3 मोटर सायकिलों पर सवार होकर आए 6 आरोपियों ने उसे जबरन उठाकर खैरीटेक के पास सुनसान स्थान पर ले गए। वहां पहले से मौजूद 8 अन्य आरोपियों के साथ मिलकर आरोपी अस्मित मानाठाकुर एवं रोहित मानाठाकुर ने पीड़ित से कहा कि 'तुम आईटीआई में पढ़ने वाली हमारी बहन से बात क्यों करते हो'।

इसी बात को लेकर आरोपियों ने पीड़ित सोहेल को मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हुए हाथ, लात, मुक्का, पाइप, डंडा, क्लच वायर एवं रस्सी से पीठ एवं पैर में बेरहमी से मारपीट की। मारपीट का वीडियो बनाया गया। इसके बाद पीड़ित की पीठ पर हुए जख्मों पर तेल में नमक एवं मिर्ची का घोल लगाकर और अधिक कष्ट पहुंचाया गया। इसके पश्चात पीड़ित को पुनः आईटीआई चूनाभट्टी लाकर आरोपी की बहन से पैर पकड़वाकर माफी मंगवाई गई एवं जान से मारने की धमकी देकर छोड़ दिया गया। डर के कारण पीड़ित ने घटना की जानकारी किसी को नहीं दी थी।

पीड़ित की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अप.क्र. 626/ 2026 धारा 140(3), 296 **(b)**, 115(2), 191(2), 191(3), 351(2), 126(2) बी. एन. एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक चंचलेश मरकाम, **SDOP** सचिन परते के मार्गदर्शन में तत्काल विशेष टीम का गठन किया गया।

टीम द्वारा वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर 5 आरोपियों एवं 4 विधि विवादित बालकों को गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त डंडा एवं क्लच वायर जप्त किए गए हैं। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश लगातार जारी है।

### गिरफ्तार आरोपी..

ईश्वर उर्फ अस्मित पिता स्व. अनिल मानाठाकुर, उम्र 21 वर्ष, निवासी रेल्वे क्रॉसिंग के पास, किदवई वार्ड सिवनी। पूर्व से 12 मारपीट एवं अपहरण के प्रकरण दर्ज, मंजीत रैकवार पिता महेश रैकवार, उम्र 26 वर्ष, निवासी गंजवार्ड, करम बघेल के घर के पास सिवनी। पूर्व से मारपीट का 01 प्रकरण, भूपेन्द्र उर्फल की पिता पप्पू विश्वकर्मा, उम्र 21 वर्ष, निवासी शनि मंदिर के पास, रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी।

पूर्व से 6 मारपीट के अपराध, जीतू उर्फअभय पिता ओमकार उइके, उम्र 23 वर्ष, निवासी शनि मंदिर के पास सिवनी, अभिषेक पिता अभयपाल उइके, उम्र 28 वर्ष, निवासी रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी, 04 विधि विवादित बालक, उम्र लगभग 16-17 वर्ष।

### सराहनीय भूमिका..

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, थाना प्रभारी डूण्डासिवनी निरीक्षक चैनसिंह उइके, थाना प्रभारी लखनवाड़ा चन्द्रकिशोर सिरामे, उनि नरेन्द्र उपाध्याय, सउनि जयवंत सिंह ठाकुर, प्र.आर. मनोज पाल, नवीन तिवारी, नितेश राजपूत, आर. संतोष साहू, प्रतीक बघेल, सुधीर डहेरिया, मिथलेश उइके, प्रदीप चौधरी की विशेष भूमिका रही।

# सिवनी के युवा नेता दीपक डेहरिया का राष्ट्रीय मंच पर हुआ चयन..

## दिल्ली छात्र संसद 2026 में करेंगे मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व..




**जगप्रेरणा सिवनी।**

'इंकलाब ज़िंदाबाद' केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा, युवाशक्ति और परिवर्तन का संकल्प है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए सिवनी जिले के युवा समाजसेवी, युवा नेतृत्वकर्ता, संस्थापक दीपक डेहरिया का चयन देश के प्रतिष्ठित दिल्ली छात्र संसद 2026 में **Youth Parliament Delegate** के रूप में हुआ है। यह गौरवपूर्ण आयोजन 19 एवं 20 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित होगा, जहाँ देशभर से चयनित प्रतिभाशाली युवा लोकतंत्र, संविधान, राष्ट्रीय नीतियों, सुशासन और राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखेंगे। दीपक डेहरिया इस राष्ट्रीय मंच पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने राज्य और सिवनी जिले का नाम गौरवान्वित करेंगे।

दिल्ली छात्र संसद देश का एक प्रतिष्ठित लोकतांत्रिक मंच है, जहाँ भारत के विभिन्न राज्यों से चयनित प्रतिभाशाली युवाओं को संसदीय कार्यप्रणाली का अनुभव प्राप्त होता है। यहाँ युवा सांसदों की तरह बहस करते हैं, नीति निर्माण पर चर्चा करते हैं तथा देश के भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने सुझाव प्रस्तुत करते हैं। इस मंच तक पहुँचना केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि नेतृत्व क्षमता, सामाजिक प्रतिबद्धता और राष्ट्रीय सोच का प्रमाण माना जाता है। दीपक डेहरिया का चयन यह सिद्ध करता है कि यदि किसी युवा के मन में राष्ट्रसेवा का जज़्बा, समाज के प्रति समर्पण और अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प हो, तो छोटे शहरों से निकलकर भी राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाई जा सकती है। वे दिल्ली छात्र संसद में मध्यप्रदेश के युवाओं की आकांक्षाओं, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय, युवा सशक्तिकरण, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनहित से जुड़े अनेक विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करेंगे। दीपक डेहरिया लंबे समय से समाजसेवा और जनजागरण के कार्यों में सक्रिय हैं। **Deepak Jaihind Team Seoni** के माध्यम से उन्होंने युवाओं को रक्तदान, शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रहित, सामाजिक उत्तरदायित्व, जनसेवा तथा संविधान के प्रति जागरूक करने जैसे अनेक अभियानों से जोड़ा है। उनकी कार्यशैली सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने की रही है। यही समर्पण और नेतृत्व क्षमता आज उन्हें राष्ट्रीय मंच तक लेकर पहुँची है।

उनका मानना है कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा पीढ़ी है। यदि युवाओं को सही दिशा, अवसर और लोकतांत्रिक मंच मिले, तो वे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। दिल्ली छात्र संसद जैसे मंच युवाओं को केवल बोलने का अवसर नहीं देते, बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को समझने और उसमें सहभागी बनने की प्रेरणा भी देते हैं।

### अपने चयन पर खुशी व्यक्त करते हुए दीपक डेहरिया ने कहा..

'यह उपलब्धि केवल मेरी व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि पूरे सिवनी जिले और मध्यप्रदेश के प्रत्येक युवा का सम्मान है। मुझे गर्व है कि मुझे राष्ट्रीय मंच पर अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। मैं पूरी निष्ठा, तैयारी और राष्ट्रहित की भावना के साथ युवाओं की आवाज़ को संसद के इस मंच तक पहुँचाने का प्रयास करूँगा। मेरा विश्वास है कि भारत का भविष्य उसके जागरूक, शिक्षित और राष्ट्रभक्त युवाओं के हाथों में सुरक्षित है।' उन्होंने आगे कहा कि उनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि है और वे सदैव संविधान, लोकतंत्र तथा देश की एकता और अखंडता के मूल्यों को सर्वोच्च मानते हैं। उनका उद्देश्य केवल बहस करना नहीं, बल्कि ऐसे विचार प्रस्तुत करना है जो देश के युवाओं को प्रेरित करें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का मार्ग प्रशस्त करें।

दीपक डेहरिया के चयन की सूचना मिलते ही सिवनी जिले में खुशी और गर्व का वातावरण बन गया। सामाजिक संगठनों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, युवाओं तथा शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने प्रभावशाली व्यक्तित्व, तार्किक सोच और ओजस्वी वक्तृत्व से राष्ट्रीय मंच पर मध्यप्रदेश का मान बढ़ाएँगे।

यह उपलब्धि सिवनी जिले के युवाओं के लिए भी एक प्रेरणादायक संदेश है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, मेहनत निरंतर हो और मन में राष्ट्रसेवा का भाव हो, तो किसी भी छोटे शहर का युवा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सकता है। दीपक डेहरिया की यह सफलता न केवल उनके परिवार और टीम के लिए, बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है।

# सिवनी के होनहार तीरथ गोल्हानी ने नीट परीक्षा में लहराया परचम..

## डॉक्टर बनने का सपना हुआ साकार..



**जगप्रेरणा बलजीत सिंह धनौरा।**

***धनौरा शिक्षा के क्षेत्र में सिवनी जिले के एक और मेधावी छात्र ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जिले के कहानी ग्राम निवासी जितेंद्र***

गोल्हानी एवं रजनी गोल्हानी के सुपुत्र तीरथ गोल्हानी (नमन) ने प्रतिष्ठित **NEET** परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बचपन से ही मेधावी रहे तीरथ ने डॉक्टर बनने के अपने सपने को पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास किया, जिसका परिणाम आज इस शानदार सफलता के रूप में सामने आया है। तीरथ ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय कठिन मेहनत, गुरुजनों के मार्गदर्शन और माता-पिता के आशीर्वाद को दिया है।

### क्षेत्र में हर्ष की लहर..

तीरथ की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर कहानी ग्राम सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। तीरथ की यह सफलता मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने का सपना देख रहे क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

# 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत कन्या महाविद्यालय मे व्याख्यान का आयोजन..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिला पुलिस बल, सिवनी द्वारा चलाए जा रहे 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय, सिवनी में छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने हेतु एक प्रेरणादायी व्याख्यान का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश सरवैया के संरक्षण एवं कार्यक्रम प्रभारी प्रो. रामदीन भलावी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में नशामुक्त जीवन के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता गूंज संस्था, सिवनी की संचालिका श्रीमतीमनीषा चौहानद्वारा अपने प्रेरक उद्बोधन में नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं पारिवारिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रो. लक्ष्मी मेश्राम ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए नशे से दूर रहने, जीवन में अनुशासन, सकारात्मक सोच एवं अच्छे संस्कारों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र का भविष्य है और नशामुक्त युवा ही एक स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। इसी कड़ी में आगे छात्राओं को लघु कृत फिल्म भी दिखाई गई । इस कार्यक्रम में गूंज संस्था की सदस्य श्रीमती संध्या ठाकुर एवं श्रीमती माधुरी देशमुख भी उपस्थित थी, साथ ही महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. अलका उईके,डॉ अनीता भट्ट, डॉ डिंपल डहेरिया ,डॉ अर्पणा अवस्थी की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं ने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. समिता शर्मा एवं आभार डॉ.मोहम्मद राशिद खान द्वारा व्यक्त किया गया।

# सिवनी नगरपालिका में भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड ध्वस्त हो रहें है : जेपीएस

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***सिवनी नगरपालिका क्षेत्र में लगातार 5 दिन अनेक वार्डो में जलापूर्ति बाधित रही, जिसके कारण आम जन पानी के लिए परेशान होते रहें। वैसे तो सिवनी नगरपालिका में भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड ध्वस्त हो रहें है।***

जिला कांग्रेस प्रवक्ता जेपीएस तिवारी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि मानवता के नाते कम से कम पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति के लिए कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया को अर्थलोलुपता छोड़कर समस्या का समाधान निकालना चाहिये, सुनने में आया है कि भीमगढ़ से बबरिया नई पाईप लाईन डालने का काम जारी है उसमें किये जा रहें कार्य से ज्यादा ठेकेदार को भुगतान करने रूचि ली जा रही है।

अभी तक उस कार्य के लिए 11 करोड़ रूपय का भुगतान किया जा चुका है जानकारो की माने तो इतनी राशि का कार्य नही हुआ है। इस घटिया कार्य की शिकायत भाजपा पार्षदों ने भी की है लेकिन नगरपालिका अध्यक्ष को कोई फर्क नहीं पड़ता, सत्ता का प्रयोग कर नियम विरूद्ध निर्वाचित अध्यक्ष को पद मुक्त कर जो व्यक्ति कार्यकारी अध्यक्ष बना हो उसे नगर की समस्या से कोई लेना देना नही है। जनता को पीने का पानी न रहें जहॉ तक की नहाने धोने के लिए पानी की किल्लत का सामाना विगत 5 दिनों से नगर के अनेक वार्डो की जनता कर रही है। जेपीएस तिवारी ने आगे कहा कि पाईप लाईन सुधार के नाम से लाखो रूपय के फर्जी बिल निकाल लिए जाऐंगे, जनता की समस्या से इन्हें कोई सरोकार नही है। ये तो सिर्फ कार्य स्थल पर रील बनाने और फोटो खिचवाने के लिए खड़े होते है। सिवनी की जनता भी धन्य है इतनी परेशानी झेलने के बाद भी फिर भाजपा को वोट करती है यही कारण है कि भाजपा के नेता अपना घर भरने में लगे है।

वह यह बात अच्छी तरह से जानते है कि कितना ही भ्रष्टाचार हो जाए नगर की हालत बद से बदतर हो जाए सिवनी की निरीह जनता वोट भाजपा को ही देगी। विपक्ष का काम है सत्ता पक्ष के लोगो के भ्रष्टाचार, नाकामियों को उजागर करना, शिकायत करना वह काम कांग्रेस पार्टी अच्छी तरह से कर रही है, कांग्रेस की शिकायतो को भी उच्च अधिकारी गंभीरता से नही लेते वह भाजपा नेताओं के दबाव में कार्य कर रहें है।

# अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा घुसी स्लीपर बस..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जबलपुर से सिवनी जा रही एक स्लीपर बस राष्ट्रीय राजमार्ग पर बम्होडी गांव के पास अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा घुसी।***

ड्राइवर की सूझबूझ और यात्रियों की मदद से एक बड़ा हादसा टल गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई।

चश्मदीदों के मुताबिक बस अपनी सही रफ्तार में जा रही थी। बम्होडी गांव के पास पहुंचते ही ड्राइवर का बस पर से नियंत्रण खो गया और गाड़ी सड़क छोड़कर किनारे बने गड्ढे में उतर गई। घटना के वक्त बस में कई यात्री सवार थे, जो गाड़ी के रुकते ही सुरक्षित बाहर निकल आए। खबर मिलते ही लखनादौन थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया।

### हादसे की वजह तलाश रही पुलिस..

हादसा किस वजह से हुआ, इसका अभी साफ पता नहीं चल पाया है। पुलिस ड्राइवर से पूछताछ कररही है। यह जांच की जा रही है कि दुर्घटना गाड़ी में किसी तकनीकी खराबी, सड़क की हालत या किसी अन्य कारण से हुई। जरूरत पड़ने पर बस की तकनीकी जांच भी कराई जाएगी।

### क्रेन से निकाली गई बस, पुलिस ने की सावधानी बरतने की अपील..

हादसे के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर ट्रैफिक प्रभावित हुआ, जिसे पुलिस और स्थानीय लोगों ने मिलकर साफ कराया। बाद में क्रेन बुलाकर बस को गड्ढे से बाहर निकालने का काम शुरू किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि यह इलाका काफी व्यस्त रहता है, अगर हादसे के वक्त सड़क किनारे कोई होता तो बड़ा नुकसान हो सकता था प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस ने बारिश के मौसम को देखते हुए वाहन चालकों से रफ्तार धीमी रखने, ओवरटेक न करने और गाड़ी चलाते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

# 10 कार्यवाहक/ उप निरीक्षकों को मिली पदोन्नति एसपी कृष्ण लालचंदानी ने लगाए स्टार..



## पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश पर निरीक्षक के पद पर पदोन्नति..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***सिवनी जिले के पुलिस परिवार के लिए आज गौरव का दिन रहा। पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार 10 कार्यवाहक/उप निरीक्षकों को निरीक्षक के पद पर पदोन्नति***

प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिवनी में आयोजित समारोह में पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी (भा.पु.से.) ने सभी पदोन्नत अधिकारियों को कंधे पर स्टार लगाकर बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पदोन्नत होने वाले अधिकारी..

कार्यवाहक निरीक्षक सतीश तिवारी, कार्यवाहक निरीक्षक खेमेंद्र कुमार जैतवार, कार्यवाहक निरीक्षक मोहनीश बैस, कार्यवाहक निरीक्षक श्रीमती अनंती मर्सकोले, कार्यवाहक निरीक्षक श्रीमती संदीपिका ठाकुर, उप निरीक्षक आशीष खोबरागड़े, उप निरीक्षक मनीष बंसोड़, कार्यवाहक निरीक्षक लक्ष्मण झारिया, कार्यवाहक निरीक्षक शिव शंकर रामटेकर, कार्यवाहक निरीक्षक बृजेश उइके।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक चंचलेश मरकाम, **SDOP** सचिन परते सहित जिले के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।









विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# विधायक गौरव सिंह पारधी की पहल पर कटंगी में क्लाइमेट ग्रीन इकोनॉमिक जोन परियोजना को मिली गति..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***कटंगी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के समग्र एवं सतत विकास की दिशा में विधायक गौरव सिंह पारधी की पहल पर क्लाइमेट पार्लियामेंट इंडिया के सहयोग से क्लाइमेट ग्रीन इकोनॉमिक जोन (ष्ट्रत्रश्व्) परियोजना को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया तेज हो गई है।***

विधायक के मार्गदर्शन में क्लाइमेट पार्लियामेंट इंडिया के प्रतिनिधि निखिल चौहान ने कलेक्टर मृणाल मीणा से मुलाकात कर परियोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

इसके बाद विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक आयोजित कर परियोजना के क्रियान्वयन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में हरित ऊर्जा आधारित उद्योगों की स्थापना, निवेश आकर्षित करने, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने, कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देने तथा क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई दिशा देने पर विचार-विमर्श हुआ। साथ ही विभागों के समन्वय से परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने पर सहमति बनी।

## विधायक पारधी बोले: कटंगी बनेगा हरित विकास और निवेश का मॉडल

विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि यह परियोजना कटंगी एवं बालाघाट के आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि शासन, प्रशासन और सभी संबंधित विभागों के सहयोग से इस महत्वाकांक्षी योजना को जल्द अमल में लाया जाएगा। परियोजना के माध्यम से सौर ऊर्जा, खाद्य प्रसंस्करण, वेयरहाउसिंग, कृषि आधारित उद्योगों सहित विभिन्न ग्रीन सेक्टर में निवेश बढ़ेगा, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित होंगे। साथ ही स्थानीय व्यापार, लघु उद्योग और किसानों को भी नए बाजार एवं बेहतर व्यावसायिक अवसर प्राप्त होंगे। कलेक्टर मृणाल मीणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यालयों एवं परिसरों में ग्रीन एनर्जी आधारित सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दें, ताकि कटंगी का यह मॉडल प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के लिए भी हरित विकास का उदाहरण बन सके। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, खनिज, विद्युत वितरण, उद्योग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं क्लाइमेट पार्लियामेंट इंडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 15 साल की किशोरी का फांसी पर लटका मिला शव, चुनरी से नाबालिका ने लगाई फांसी, पुलिस ने किया शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस..





जगप्रेरणा खैरलांजी।

***थाना क्षेत्र अंतर्गत आरंभा में नाबालिग शिवानी पिता मोतीलाल ठाकरे (15) का फांसी पर लटका शव, पुलिस ने शुक्रवार को बरामद किया। नाबालिका का शव, घर के कमरे में चुनरी से बनाए गए फांसी के फंद्दे पर लटका था।***

हालांकि शिवानी ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, यह अभी साफ नहीं है। एसआई किशोर मने ने बताया कि नाबालिका का शव बरामद कर कर लिया गया है। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। जांच और पीएम रिपोर्ट के बाद ही साफहो पाएगा कि किशोरी की मौत की असली वजह क्या है?

बताया जाता है कि जिस वक्त, नाबालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या, की, उस वक्त, घर में दादी थी। शिवानी के पिता रोजगार के सिलसिले में रायपुर में रहते है। जबकि परिवार के अन्य सदस्य खेती किसानी के काम से खेत गए थे। सबसे पहले दादी ने देखा कि नातन, फांसी पर लटकी है, जिसे देखकर, दादी ने शोर मचाया। जिसका शोर सुनकर आसपास के लोग, घर पहुंचे तो देखा कि शिवानी का शव फांसी के फंद्दे पर लटका था। इसी बीच खेत गए परिजनों को भी इसकी जानकारी मिली। जहां से दौड़ते भागते परिजन, घर पहुंचे तो देखा कि शिवानी फांसी के फंद्दे पर लटकी है, जिन्हें उसके जीवित होने का आभाष होने पर पड़ोसियों ने फंद्दे से उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। बताया जाता है कि शिवानी 11 वीं कक्षा की छात्रा है, जो आरंभा के ही एक हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्ययनरत थी। फ्लिहाल जानकारी के बाद खैरलांजी पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को बरामद कर उसे पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। मामले की विवेचना कर रहे एसआई किशोर मने ने बताया कि मृतिका नाबालिका का शव बरामद कर लिया गया है। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है, पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।सहायक उपनिरीक्षक किशोर मने, कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक सतीश आरमो, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र सिंह नागभिरे एवं आरक्षक दयानंद डोहरे मौके पर पहुंचे और पंचनामा कार्रवाई की। शव को पोस्टमार्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खैरलांजी भेजा गया, जहां चिकित्सकों की टीम ने देर शाम पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। घटनास्थल का निरीक्षण एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) टीम ने भी किया। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक किशोर मने, कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक सतीश आरमो एवं प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र सिंह नागभिरे द्वारा की जा रही है।

# खैरलांजी में स्वास्थ्य एवं पोषण प्रबंधन संयुक्त कार्यशाला आयोजित



जगप्रेरणा खैरलांजी।

***जनपद पंचायत खैरलांजी के सभा कक्ष में 17 जुलाई को 'स्वास्थ्य एवं पोषण प्रबंधन संयुक्त कार्यशाला सह समीक्षा' का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार, कुपोषण के प्रभावी***

प्रबंधन तथा स्वास्थ्य एवं पोषण योजनाओं की वास्तविक प्रगति की समीक्षा करना था। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं मैदानी अमले ने भाग लिया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास बालाघाट श्री प्रशांत दीप सिंह ठाकुर ने कहा कि बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और एएनएम को संयुक्त रूप से मैदानी निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत अति गंभीर कुपोषित (स्नरू) एवं मध्यम कुपोषित (रूरू) बच्चों की स्क्रीनिंग तेज करने, जटिलता वाले बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्रों (हृक्रष्ट) में भर्ती कराने, एनीमिया मुक्त अभियान के तहत नियमित हीमोग्लोबिन जांच एवं आयरन फोलिक एसिड (ढ्ढस्न) वितरण सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। साथ ही पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से वास्तविक समय की निगरानी, संस्थागत प्रसव, स्तनपान और छह माह के बाद ऊपरी आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

कार्यशाला के अंत में दस्तक अभियान तथा ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (ङ्क॥स्हृष्ठ) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विस्तृत कार्ययोजना साझा की गई। बैठक में खण्ड चिकित्सा अधिकारी श्री खेलेन्द्र पाल, बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री लकेश उके, एएनएम, सुपरवाइजर तथा दोनों विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# वारासिवनी न्यायालय में 18 जुलाई को चेक बाउंस मामलों की विशेष लोक अदालत आयोजित होगी..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा-138 (चेक बाउंस) के लंबित मामलों के त्वरित एवं आपसी सहमति से निराकरण के लिए 18 जुलाई, शनिवार को वारासिवनी न्यायालय में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह विशेष लोक अदालत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट प्राणेश कुमार प्राण तथा सचिव/न्यायाधीश सतीश शर्मा के निर्देशन में आयोजित होगी।

तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी की अध्यक्ष एवं न्यायाधीश श्रीमती कविता इवनाती ने आम नागरिकों से अपील की है कि जिनके चेक बाउंस से संबंधित राजीनामा योग्य प्रकरण न्यायालय में लंबित हैं, वे विशेष लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का शीघ्र निराकरण कराएं।

उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से विवादों का समाधान होने से समय और धन की बचत होती है, दोनों पक्षों के बीच सौहार्द बना रहता है तथा नियमानुसार कोर्ट फीस भी वापस की जाती है।

विशेष लोक अदालत से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक पक्षकार तहसील विधिक सेवा समिति, वारासिवनी के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# जिले में 17 जुलाई तक 331 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

## वारासिवनी तहसील में सबसे अधिक 453 मिलीमीटर और खैरलांजी तहसील में सबसे कम 169 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 01 जून से 17 जुलाई 2026 तक कुल 331 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष 2025 में इसी अवधि में 614 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्यी वर्षा 1447 मिलीमीटर है और इसमें से 521 मिलीमीटर वर्षा 01 जून से 17 जुलाई 2026 की अवधि में हो जाना चाहिए।***

कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 जुलाई को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटों के दौरान बालाघाट तहसील में 19 मिमी, वारासिवनी में 16 मिमी, बैहर में 04 मिमी, लांजी में 14 मिमी, कटंगी में 17 मिमी, किरनापुर में 12 मिमी, खैरलांजी में 13 मिमी, लालबर्रा में 07 मिमी, बिरसा में 06 मिमी, परसवाड़ा में 01 मिमी एवं तिरोड़ी तहसील में 16 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है।

चालू वर्ष में 01 जून से 17 जुलाई 2026 तक सबसे अधिक 453 मिलीमीटर वर्षा वारासिवनी तहसील में दर्ज की गई है, जबकि सबसे कम 169 मिलीमीटर वर्षा खैरलांली तहसील में रिकॉर्ड की गई है।

इस अवधि में बालाघाट तहसील में 440 मिलीमीटर, बैहर में 424 मिलीमीटर, लांजी में 319 मिलीमीटर, कटंगी में 272 मिलीमीटर, किरनापुर में 450 मिलीमीटर, लालबर्रा में 299 मिलीमीटर, बिरसा में 206 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 279 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी में 331 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

वर्ष 2025 में इसी अवधि के दौरान बालाघाट तहसील में 790 मिलीमीटर, वारासिवनी में 970 मिलीमीटर, बैहर में 760 मिलीमीटर, लांजी में 318 मिलीमीटर, कटंगी में 624 मिलीमीटर, किरनापुर में 562 मिलीमीटर, खैरलांजी में 273 मिलीमीटर, लालबर्रा में 719 मिलीमीटर, बिरसा में 436 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 711 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 584 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।

# एसएसपी महाविद्यालय वारासिवनी में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित






जगप्रेरणा वारासिवनी।

शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय, वारासिवनी में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत 15 से 30 जुलाई तक विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. एस.एस. गेडाम के मार्गदर्शन तथा डॉ. हेमंत कुमार मण्डाले (एनसीसी अधिकारी) एवं श्री कृष्णा पराते (एनएसएस अधिकारी) के नेतृत्व में अभियान की शुरुआत नशा मुक्ति शपथ के साथ हुई। इसके बाद छात्र-छात्राओं द्वारा रील्स निर्माण, शॉर्ट फिल्म प्रदर्शन एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के अंतर्गत आयोजित विशेष व्याख्यान में थाना प्रभारी वारासिवनी श्री अनुप कुमार उइके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर अनुशासित जीवन अपनाने और नशा मुक्ति हेल्पलाइन 14446 का उपयोग कर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. हेमंत कुमार मण्डाले एवं डॉ. रक्षा निकोसे ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों को प्रभावित करता है। उन्होंने विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने के लिए युवाओं से नशामुक्त जीवन अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में श्री कृष्णा पराते एवं श्री नरेन्द्र कुमार डोंगरे ने भी विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर बालाघाट पुलिस द्वारा ऑनलाइन नशा मुक्ति शपथ एवं प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, अतिथि विद्वान, एनसीसी, एनएसएस, रेड रिबन क्लब, स्पोर्ट्स विभाग के सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।





क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433*


# अश्लील गालियॉ देकर मारपीट करने वाले को साधारण कारावास

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***माननीय न्यायालय श्रीमान नयन जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, वारासिवनी, जिला बालाघाट (म.प्र.) ने न्यायालयीन प्रकरण क्रं. 910/2020 आरक्षी केन्द्र लालबर्रा जिला बालाघाट (म.प्र.) के अपराध***

क्रं. 480/2020 में अभियुक्त विजय पिता हेमचंद बरैया, उम्र 43 वर्ष निवासी मोहगांव (धपेरा), थाना लालबर्रा, जिला बालाघाट को धारा 325 भा.द.सं. के अपराध में 06 माह का साधारण कारावास एवं 1000/- रूपये (एक हजार रूपये) के अर्थदण्ड से दंडित किया गया एवं अर्थदण्ड के व्यतिक्रम में अभियुक्त को 07 दिवस का साधारण कारावास पृथक से भुगताया जाने का आदेश पारित किया गया। सहायक निदेशक श्री कपिल कुमार डेहरिया के कुशल मार्गदर्शन में अभियोजन की ओर से पैरवी श्री प्रणव राजनेगी, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी वारासिवनी द्वारा की गई। श्री प्रणव राजनेगी, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी वारासिवनी ने बताया कि दिनांक 12.11.2020 के सुबह करीब 11:00 बजे प्रार्थिया के पड़ोस में रहने वाले अभियुक्त की पत्नि घर का कचरा लाकर उसके घर के सामने फेंक रही थी, तो प्रार्थिया ने बोली कि तुम अपने घर का कचरा लाकर हमारे घर के सामने क्यों फेक रही हो, तो अभियुक्त बोलने लगा कि ये हमारी जगह है और उसे मॉ-बहन की गंदी-गंदी अश्लील गालियॉ देने लगा जो गालियॉ सुनने में बुरी लग रही थी । प्रार्थिया ने गाली देने से मना किया तो अभियुक्त ने उसे हाथ में रखी लकड़ी से मारपीट किया जिससे उसके दाहिने हाथ में चोट लगी तथा दर्द होने लगा। अभियुक्त उसे जान से खत्म करने की धमकी भी दिया। पुलिस थाना लालबर्रा द्वारा प्रकरण में आवश्यक विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। माननीय न्यायालय ने प्रस्तुत साक्ष्य एवं तथ्यों पर विश्वास करते हुए अभियुक्त को उपरोक्त दण्ड से दण्डादिष्ट किया गया।




विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# अमेरिका ने ईरान के कई पुलों को बनाया निशाना, जवाब में बहरीन, कुवैत और जॉर्डन पर टूटा कहर..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अमेरिका और ईरान के बीच जारी जंग एक बार फिर तेज हो गई है। अमेरिका ने ईरान के कई नए इलाकों में हवाई हमले किए, जबकि जवाबी कार्रवाई में ईरान ने बहरीन, कुवैत और जॉर्डन की ओर मिसाइल और ड्रोन दागे। बहरीन और कुवैत में अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं, इसलिए इन हमलों को क्षेत्रीय तनाव में बड़ी बढ़ोतरी माना जा रहा है।***



ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी **IRNA** के मुताबिक, दक्षिणी होरमोज़गान प्रांत में पुलों को निशाना बनाकर किए गए अमेरिकी हवाई हमलों में कम से कम 3 लोगों की मौत हो गई।

### अमेरिकी सेना ने जहाज पर भी किया अटैक..

गुरुवार को अमेरिका ने अपने हमलों का दायरा बढ़ाते हुए ईरान के और अधिक पुलों को निशाना बनाया। इसके अलावा अमेरिकी सेना ने एक ऐसे जहाज पर भी हमला किया, जिस पर आरोप है कि वह ईरान पर लगाए गए अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी को तोड़ने की कोशिश कर रहा था।अमेरिका ने कहा कि उसने देर रात दूसरी लहर के हमले इसलिए किए ताकि ईरान की सैन्य क्षमता को और कमजोर किया जा सके। इस बार हमले पहली बार राजधानी तेहरान के आसपास के इलाकों तक भी पहुंचे, जिससे साफहै कि अमेरिकी कार्रवाई अब और व्यापक होती जा रही है।

### 2 पुलों पर हुए हमले में 3 लोगों की मौत..

ईरान के सरकारी मीडिया के अनुसार, अमेरिकी हमलों में तेहरान, सेमनान प्रांत, हमदान, होरमोज़गान, खुज़ेस्तान, लोरेस्तान, मरकज़ी, सिस्तान-बलूचिस्तान और क़ेश्म द्वीप को निशाना बनाया गया। सेमनान प्रांत को ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन और अंतरिक्ष कार्यक्रम का प्रमुख केंद्र माना जाता है। बंदर अब्बास के अल्लाह-अकबर हिल रिहायशी इलाके पर हुए हमले में 7 लोग घायल हुए। वहीं बंदर अब्बास रेलवे जंक्शन पर हुए हमले में 2 अन्य लोग घायल हो गए। शहर के पश्चिम में 2 पुलों पर हुए हमले में 3 लोगों की मौत और 9 लोगों के घायल होने की जानकारी दी गई है।

### ईरान के मिसाइल ठिकाने बने निशाना..

अमेरिकी सेंट्रल कमांड **(CENTCOM)** ने बताया कि उसने ग्रेटर तुंब द्वीप पर ईरान के रक्षा और मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाया। यह द्वीप फारस की खाड़ी और स्ट्रेट ऑफहोर्मुज के संगम पर स्थित 3 छोटे द्वीपों में से एक है। वर्ष 1971 में ईरान ने इन द्वीपों पर कब्जा कर लिया था। इन द्वीपों के कारण ईरान को होर्मुज पर महत्वपूर्ण रणनीतिक बढ़त मिलती है।

अमेरिकी सेना ने यह भी दावा किया कि उसने कुरासाओ के झंडे वाले एक तेल टैंकर को निष्क्रिय कर दिया, जो ईरान के मुख्य ऑइल एक्सपोर्ट टर्मिनल की ओर जा रहा था। अमेरिका का कहना है कि जहाज ने कई चेतावनियों को नजरअंदाज किया, जिसके बाद उस पर मिसाइल दागी गई।

### बहरीन, कुवैत और जॉर्डन पर हुए हमले

इसके जवाब में ईरान ने गुरुवार को बहरीन, कुवैत और जॉर्डन की ओर मिसाइल और ड्रोन हमले किए। इन देशों की सरकारों ने हमलों की पुष्टि की है, हालांकि किसी बड़े नुकसान या हताहत होने की तत्काल जानकारी नहीं दी गई। इस बीच इराक के प्रधानमंत्री अली अल-जैदी ने उत्तरी कुर्द क्षेत्र में हुए ड्रोन हमले की निंदा की। अधिकारियों के अनुसार ड्रोन को रास्ते में ही मार गिराया गया। यह घटना ऐसे समय हुई जब इराकी प्रधानमंत्री अमेरिका की यात्रा पर हैं, जहां उन्होंने ईरान समर्थित समूहों सहित गैर-सरकारी हथियारबंद संगठनों को निरस्त्र करने की दिशा में काम करने की बात कही।

### होर्मुज पर नियंत्रण के लिए छिड़ी है जंग..

पिछले महीने युद्ध रोकने के लिए हुआ अंतरिम युद्धविराम अब पूरी तरह टूट चुका है। इसके बाद से अमेरिका और ईरान लगातार एक-दूसरे पर हमले कर रहे हैं। यह संघर्ष मुख्य रूप से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर नियंत्रण को लेकर है। जब अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया था, तब ईरान ने प्रभावी रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को जहाजों के लिए बंद कर दिया था। इसके बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया और ईरान को बातचीत में बड़ा दबाव बनाने का मौका मिला।

### 'होर्मुज में हस्तक्षेप नहीं करने देंगे'..

ईरानी सेना के खातम अल-अनबिया सेंट्रल हेडक्वॉर्टर के प्रवक्ता कर्नल इब्राहिम ज़ोल्फाघारी ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनियों के मुताबिक अमेरिका ईरान के पुलों और बिजली संयंत्रों पर हमले जारी रखता है, तो ईरान पूरे क्षेत्र के बुनियादी ढांचे पर व्यापक हमले कर सकता है। उन्होंने कहा, 'किसी भी परिस्थिति में और किसी भी तरीके से हम अमेरिका जैसे बाहरी और क्षेत्र से बाहर के देश को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में हस्तक्षेप नहीं करने देंगे। यह ईरान की अटल लाल रेखा है।'

### बुधवार से जारी है अमेरिका की नाकेबंदी..

दूसरी ओर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि शांति समझौते की संभावना अभी भी बनी हुई है, हालांकि जमीनी हालात इसके उलट दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका ने बुधवार को ईरानी बंदरगाहों की नौसैनिक नाकेबंदी फिर से लागू कर दी। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने दावा किया कि उसने नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश कर रहे 3 व्यावसायिक जहाजों का रास्ता बदल दिया, एक जहाज को निष्क्रिय किया और एक अन्य पर चढ़कर उसकी जांच की। सेंट्रल कमांड ने **X** पर कहा, 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज और आसपास का समुद्री क्षेत्र खुला और सुरक्षित है। केवल वे जहाज प्रभावित होंगे जो अमेरिका की मजबूत नौसैनिक नाकेबंदी का उल्लंघन करने की कोशिश करेंगे।'

### होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों की संख्या घटी..

एक्सपर्ट्स का मानना है कि यदि अमेरिका ताकत के जरिए स्ट्रेट ऑफहोर्मुज को पूरी तरह खोलने की कोशिश करता है, तो इसके लिए कहीं बड़े नौसैनिक बेड़े और हजारों जमीनी सैनिकों की जरूरत होगी। इस बीच समुद्री डेटा कंपनी लॉयड्स लिस्ट इंटेलिजेंस के अनुसार, महीने की शुरुआत में ही होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले साप्ताहिक मालवाहक जहाजों की संख्या लगभग 25 प्रतिशत घट गई थी। हाल के हमलों के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है। बढ़ते खतरे को देखते हुए कुछ तेल टैंकर अपने लोकेशन इक्विपमेंट्स बंद करके यात्रा कर रहे हैं, जबकि कई जहाज फिलहाल समुद्र में ही रुके हुए हैं।

# आतंकी हमलों से दहला पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा, 3 पुलिसकर्मियों की मौत, 34 घायल..

डेस्क जगप्रेरणा।

***पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को हुए 2 अलग-अलग आतंकी हमलों में 3 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई, जबकि 34 लोग घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक,***



एक हमला लोअर दीर जिले में पुलिस काफिले पर किया गया, जबकि दूसरा हमला बन्नू जिले के मिरयान पुलिस स्टेशन को निशाना बनाकर किया गया। दोनों घटनाओं के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। पहली घटना लोअर दीर जिले में हुई, जहां आतंकियों ने पुलिस के एक काफिले पर हैंड ग्रेनेड और ऑटोमैटिक हथियारों से हमला कर दिया।

### पुलिस के काफिले पर आतंकियों ने फेंके हैंड ग्रेनेड

पुलिस के मुताबिक, हमला हैदर क्षेत्र के लादम टॉप के पास उस समय हुआ, जब पुलिस का काफिला वहां से गुजर रहा था। आतंकियों ने पहले पुलिस के काफिले पर हैंड ग्रेनेड फेंके और इसके बाद भारी गोलीबारी शुरू कर दी। इस हमले में 3 पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 19 पुलिसकर्मी घायल हो गए। हमलावरों ने हमले के दौरान पुलिस के 2 वाहनों में आग भी लगा दी। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि हालात पूरी तरह साफहोने के बाद घटना से जुड़ी अन्य जानकारियां साझा की जाएंगी। फिलहाल सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर हमलावरों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

### जवाबी कार्रवाई में विस्फोटकों से भरी गाड़ी नष्ट..

दूसरी घटना बन्नू जिले के मिरयान पुलिस स्टेशन में हुई, जहां सुरक्षा बलों ने एक बड़े आत्मघाती हमले को समय रहते नाकाम कर दिया। अधिकारियों के अनुसार, आतंकवादी विस्फोटकों से भरी एक गाड़ी को पुलिस स्टेशन से टकराने की कोशिश कर रहे थे। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, पुलिसकर्मियों और सुरक्षा बलों ने समय रहते जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलीबारी की, जिससे विस्फोटकों से भरी गाड़ी पुलिस स्टेशन तक पहुंचने से पहले ही नष्ट हो गई। इसके बाद आतंकियों ने पुलिस स्टेशन में घुसने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने उनका हमला विफल कर दिया। मुठभेड़ के दौरान 4 आतंकवादी मारे गए।

### पूरे इलाके में चलाया जा रहा है सर्च ऑपरेशन..

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हमले में 15 पुलिसकर्मी घायल हुए, जिनमें 10 की हालत गंभीर बताई गई है। गंभीर रूप से घायल पुलिसकर्मियों को बेहतर इलाज के लिए पेशावर भेजा गया है। बन्नू के जिला पुलिस अधिकारी कैप्टन मोहम्मद फुरकान बिलाल ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि स्थिति का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मृतकों और घायलों से जुड़ी विस्तृत जानकारी बाद में जारी की जाएगी। घटना के बाद पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों की भारी संख्या मौके पर पहुंची। पूरे इलाके को घेरकर तलाशी और सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

### अप्रैल में भी बन्नू में हुआ था आत्मघाती हमला..

अधिकारियों ने बताया कि दोनों घटनाओं की जांच जारी है। मृतकों, घायलों, नुकसान और अन्य पहलुओं से जुड़ी विस्तृत जानकारी सत्यापन के बाद जारी की जाएगी। बता दें कि इसी साल अप्रैल में भी बन्नू के डोमेल पुलिस स्टेशन पर एक आत्मघाती कार बम हमला हुआ था। उस हमले में कम से कम 5 नागरिकों की मौत हुई थी, जबकि 13 लोग घायल हुए थे। इस हमले में घायल हुए लोगों में एक पुलिसकर्मी भी शामिल था।

# छत्तीसगढ़ में महिला की हत्या के बाद शव के टुकड़े नदी के पास फेंकने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में 50 वर्षीय एक महिला की कथित हत्या और उसके शव के टुकड़े कर शिवनाथ नदी के पास फेंकने के आरोप में शुक्रवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।***

एक अधिकारी ने बताया कि चंदनू थाना क्षेत्र के सोनपुरी गांव निवासी राम प्रसाद सोनवानी उर्फबंगाली (42) पर महिला की हत्या के बाद उसके शव के साथ दुष्कर्म करने का भी आरोप है। अधिकारी ने बताया कि दुकलाहिन बाई बंजारे सात जुलाई से लापता थीं। वह रायपुर में अपने परिवार के साथ रहती थीं, लेकिन खेती के काम से अकेले अपने पैतृक गांव सोनपुरी गई थीं। उन्होंने बताया कि नौ जुलाई को महिला के बेटे को तुमा गांव में शिवनाथ नदी के किनारे अमरैया नाला के पास कपड़े की कुछ पोटलियां मिलीं, जिसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी।

अधिकारी ने बताया कि मौके से महिला के शव के टुकड़े बरामद किए गए। इसके बाद फॉरेंसिक विशेषज्ञों और श्वान दस्ते की मदद से जांच शुरू की गई।

उन्होंने बताया, 'लगातार जांच, तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय लोगों से पूछताछ के आधार पर पुलिस सोनवानी तक पहुंची। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि छह जुलाई की रात वह महिला के घर दुष्कर्म करने की नीयत से घुसा था। महिला द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने फावड़े से सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी।' अधिकारी के अनुसार, आरोपी ने इसके बाद महिला के शव के साथ दुष्कर्म किया और घर में मौजूद लकड़ी काटने वाली आरी से शव के टुकड़े किए। उसने शव के हिस्सों को अलग-अलग कपड़ों में लपेटकर अगले दिन रात में साक्ष्य मिटाने की नीयत से शिवनाथ नदी के किनारे फेंक दिया।

उन्होंने बताया कि आरोपी की महिला के पति से पुरानी रंजिश थी। उसने महिला के घर से 2,500 रुपये भी चुरा लिए थे, जिनमें से 500 रुपये जांच के दौरान बरामद किए गए। पूछताछ के बाद हत्या में प्रयुक्त फावड़ा, आरी और अन्य आपत्तिजनक सामान भी बरामद कर लिया गया।

अधिकारी ने बताया कि सोनवानी वर्ष 2017 में इसी गांव की एक अन्य महिला की हत्या के मामले में दोषी ठहराया जा चुका है और उसका आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# राजगढ़ में कुर्सी पर बैठे-बैठे गिरा शख्स चंद मिनट में हो गई मौत, सीसीटीवी में कैद हुई घटना..



डेस्क जगप्रेरणा।

मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के सारंगपुर में एक होटल की कुर्सी पर बैठे-बैठे एक शख्स की चंद मिनट में ही मौत हो गई। ये पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सामने आए वीडियो में पहले तो युवक को रोड से चलते हुए होटल में रखी कुर्सियों में आकर बैठते देखा जा सकता है। इस दौरान वह सामान्य नजर आता है, लेकिन कुछ ही सेकेंड्स बाद उसकी हालत बिगड़ने लगती है और वह कुर्सी से नीचे गिर जाता है और फिर जमीन पर लेट जाता है। ये सब देखने के बाद आस-पास मौजूद लोग उसे संभालने पहुंचे, लेकिन तब तक शख्स की मौत हो चुकी थी।

### पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया शव

जानकारी के अनुसार राजगढ़ जिले के सारंगपुर बस स्टैंड के पास स्थित एक होटल पर सड़क पार कर मुगलखेड़ी गांव निवासी 27 वर्षीय रामबाबू पिता देवी सिंह मोंगिया दुकान में लगी कुर्सी पर आकर बैठ गया। कुछ देर बाद उसे बेचनी हुई तो वह कुर्सी से नीचे उतर गया और चंद मिनटों में ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों के द्वारा उसे सारंगपुर के सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसकी जांच कर मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने सारंगपुर सिविल अस्पताल में शव का पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया और मर्ग के कायम कर मामला जांच में लिया है।

**3 मिनट में हो गई मौत..**

दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में यह पूरी घटना कैद हो गई। जिससे पता चलता है कि 3 ही मिनट में शख्स की मौत हो गई। कैमरे में देखा जा रहा है की 32 मिनट पर शख्स दुकान पर आया और कुर्सी पर बैठ गया और करीब 35 मिनट पर रामबाबू अचेत होकर नीचे बैठ गया और कुछ ही देर में लेटने के बाद उसकी मौत हो गई।

**इलाज के लिए आया था सारंगपुर..**

परिजनों ने बताया कि रामबाबू की तबीयत लगातार खराब चल रही थी वह इलाज के लिए सारंगपुर गया था। इसी बीच उसकी मौत की सूचना मिली। सारंगपुर पुलिस ने बताया कि मृतक के शव का पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है वही मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। डॉक्टरों का कहना है कि मृतक की मौत हार्ट अटैक आने से हुई है।

# दो दिनों से लापता 11वीं कक्षा के छात्र की गोली मारकर हत्या, पहाड़ियों के पास मिला शव, दोस्तों से पूछताछ शुरू...

डेस्क जगप्रेरणा।

***राजस्थान के अलवर जिले में 11वीं कक्षा के छात्र की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दो दिन से लापता छात्र तुषार कुमार का शव नौगवां थाना क्षेत्र में पहाड़ियों के पास बरामद हुआ।***



शव पर गहरी चोटों के निशान मिले हैं, वहीं गोली लगने की भी पुष्टि हुई है। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच तेज कर दी है।

### दर्ज कराई गई थी गुमशुदगी की रिपोर्ट..

जानकारी के अनुसार, सदर थाना क्षेत्र के भूगोर गांव निवासी तुषार कुमार दो दिन पहले अपने कुछ दोस्तों के साथ घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने सदर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### संदिग्ध दोस्तों से पूछताछ शुरू

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुषार की कॉल डिटेल और मोबाइल लोकेशन की जांच शुरू की। जांच में उन दोस्तों की पहचान की गई, जो आखिरी बार तुषार के साथ देखे गए थे। फिलहाल पुलिस संदिग्ध दोस्तों से पूछताछ कर रही है।

### गोली लगने के मिले सबूत

इसी बीच नौगवां थाना क्षेत्र में पहाड़ियों के पास एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली। पहचान करने पर शव तुषार कुमार का निकला। शव पर गंभीर चोटों के निशान और गोली लगने के सबूत मिलने के बाद मामला हत्या का सामने आया।

### दोस्तों के साथ हो गया था लापता..

मृतक के मामा विनीत कुमार ने बताया कि तुषार अचानक अपने दोस्तों के साथ लापता हो गया था। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

### माता-पिता का था इकलौता संतान..

तुषार 11वीं कक्षा का छात्र था और अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। उसके पिता टेंट का व्यवसाय करते हैं। इकलौते बेटे की हत्या की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पुलिस की टीम ने सभी एंगल पर शुरू की जांच..

सदर थाना पुलिस का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया है। शुरुआती जांच में मामला आपसी रंजिश या दोस्तों के बीच किसी विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही हत्या के कारणों और आरोपियों का खुलासा किया जाएगा।

# हापुड़ में सड़क हादसे में नाबालिग समेत दो लोगों की मौत, अज्ञात वाहन की तलाश जारी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले के धौलाना थाना क्षेत्र में मसूरी-धौलाना मार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे में एक नाबालिग समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।***




पुलिस के अनुसार, डासना के मयूर विहार निवासी शाहबाज (18) और जैद (14) बृहस्पतिवार रात मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान उनकी मोटरसाइकिल पिपलैड़ा गांव स्थित न्यू लाइफ हॉस्पिटल के पास पहुंची, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों मोटरसाइकिल सवार सड़क पर काफी दूर जा गिरे। सिर में गंभीर चोट लगने और अधिक रक्तस्राव के कारण दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पिलखुवा के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) मुनीश चंद्र ने बताया कि देर रात डायल-112 के माध्यम से धौलाना पुलिस को मसूरी-धौलाना मार्ग पर ग्राम पिपलैड़ा के पास सड़क दुर्घटना की सूचना मिली थी। सूचना पर थाना धौलाना पुलिस और डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

## आईओए को जांच के निर्देश के बावजूद हॉकी इंडिया के आचार आयोग ने लाकड़ा को नोटिस भेजा..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***हॉकी इंडिया में चल रहा विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा और अब खेल मंत्रालय के आईओए को जांच समिति के गठन के निर्देश के बावजूद हॉकी इंडिया के आचार आयोग ने असुंथा लाकड़ा को नोटिस भेज दिया है***

जिसे भारत की पूर्व कप्तान ने 'बदले की कार्रवाई' बताया है। भारतीय हॉकी में उत्पीड़न और धमकी के लाकड़ा के आरोपों की जांच के लिये खेल मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को भारतीय ओलंपिक संघ को तटस्थ समिति के गठन का निर्देश दिया था।

हॉकी इंडिया के आचार आयोग के प्रमुख जस्टिस (सेवानिवृत्त) राघवेंद्र कुमार ने झारखंड की खिलाड़ी अलबेला रानी टोप्पो द्वारा कथित तौर पर लाकड़ा के खिलाफ पांच अप्रैल और नौ जुलाई को की गई शिकायतों के आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

उन्होंने नोटिस में कहा, 'हॉकी इंडिया से दस जुलाई को मिले पत्र के आधार पर मुझे आपके खिलाफ लगाये गए आरोपों के तथ्यों की जांच करने के लिये कहा गया है। आपको 30 जुलाई तक जवाब जमा करना होगा और ऐसा नहीं करने पर यह माना जायेगा कि आपको अपने बचाव में कुछ नहीं कहना है और फिर प्रक्रिया तथा कानून के तहत जांच की जायेगी।' लाकड़ा ने इसे बदले की कार्रवाई बताते हुए भाषा से कहा, 'जब आईओए को मामले की जांच के निर्देश दिये गए हैं तो अब ये नोटिस भेजने का मतलब मुझे परोक्ष रूप से धमकाना है। मैं अपना पक्ष आईओए द्वारा गठित समिति के सामने रखूंगी। मेरे खिलाफ शिकायतें फर्जी है और बदले की कार्रवाई में की गई है।' गौरतलब है कि हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने मंत्रालय को बुधवार को पत्र लिखकर लाकड़ा के आरोपों की स्वतंत्र जांच कराये जाने का अनुरोध किया था।

इसके बाद बृहस्पतिवार को मंत्रालय ने आईओए को समिति के गठन के निर्देश दिये। हॉकी इंडिया के कार्यकारी बोर्ड की सदस्य और चयनकर्ता लाकड़ा ने इससे पहले हॉकी में यौन उत्पीड़न के आरोपियों को बचाने, महिला खिलाड़ियों के साथ दुव्यर्वहार और धमकाने के आरोप लगाते हुए खेल मंत्रालय को पत्र लिखकर तुरंत दखल का अनुरोध किया था। उन्होंने हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह पर उन्हें धमकाने का आरोप लगाया था।

लाकड़ा ने यह भी कहा कि हॉकी झारखंड में हो रही करतूतों के खिलाफ आवाज उठाने के बाद से उन्हें चयन समिति की बैठकों में नहीं बुलाया जा रहा और एशियाई खेलों तथा विश्व कप जैसे अहम टूर्नामेंटों के लिये टीम चयन से भी उन्हें अलग रखा गया। उन्होंने कहा, 'अप्रैल में सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप मेरे शहर रांची में हुई थी लेकिन मुझे दरकिनार किया गया । मार्च में अर्जेंटीना दौरे के लिये टीम चयन के बाद से एक भी बैठक में नहीं बुलाया गया क्योंकि मैने गलत के खिलाफआवाज उठाई।'

लाकड़ा ने एक बार फिर खेल मंत्रालय को हॉकी इंडिया को इस तरह की कार्रवाई से रोकने के निर्देश देने का अनुरोध किया है जिससे जांच प्रभावित हो। उन्होंने पत्र में कहा, 'भारतीय ओलंपिक संघ को मामले की निष्पक्ष जांच का जिम्मा सौंपा गया है और मैं अनुरोध करती हूं कि मेरे द्वारा या मेरे खिलाफलगाये गए सभी आरोपों की जांच वही समिति करे ताकि बिना किसी डर या प्रभाव के इंसाफ हो सके।'

उन्होंने कहा, 'मैं आपसे अनुरोध करती हूं कि इस तरह समांतर जांच प्रक्रिया पर रोक लगाई जाये जो मुझे धमकाने के लिये की जा रही है जबकि स्वतंत्र जांच के निर्देश दिये जा चुके हैं। मेरा भारत सरकार और खिलाड़ियों की गरिमा की सुरक्षा के लिये आपकी प्रतिबद्धता पर पूरा भरोसा है।'

## 'लॉकअप 2' में हो रहा है पक्षपात? आरोपों पर तिलमिलाईं फराह खान, एंग्री पोस्ट पर दिया रिएक्शन- 'जजमेंट डे के बाद कहना'..



डेस्क जगप्रेरणा।

***नेटफ्लिक्स के शो 'लॉकअप 2' घर के अंदर चल रहे विवादों को लेकर लगातार चर्चा में है। जब से शो में शिल्पा शिंदे की एंट्री हुई है, घर में आए दिन घमासान मचा रहता है। खासतौर पर शिल्पा शिंदे, लगातार शिवांगी जोशी के पीछे पड़ी हुई हैं।***

हाल ही में, शिल्पा शिंदे ने श्रेया कालरा के साथ बातचीत में शिवांगी जोशी पर कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी जिसे लेकर वह ट्रोल्स से घिर गईं। ऐसे में कई दर्शकों को उम्मीद थी कि शिल्पा की इन टिप्पणियों को लेकर उनके खिलाफ होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख कुछ तो एक्शन लेंगे, लेकिन फिलहाल ऐसा देखने को नहीं मिला, जिसके चलते कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने सवाल उठाना शुरू कर दिया कि होस्ट ने इस मुद्दे पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? कई ने तो मेकर्स पर पक्षपात के आरोप भी लगाना शुरू कर दिया, जिस पर अब शो की होस्ट फराह खान ने भी प्रतिक्रिया दी है।

### पक्षपात के आरोपों पर फराह खान का रिएक्शन..

शिल्पा शिंदे और श्रेया कालरा के बीच शिवांगी जोशी को लेकर हुई बातचीत को लेकर इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी बवाल देखने को मिल रहा है। हाल ही में एक यूजर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया। इस पोस्ट में यूजर ने शो की निर्माता एकता कपूर, होस्ट फराह खान, रितेश देशमुख और नेटफ्लिक्स को टैग करते हुए सवाल किया कि शिल्पा शिंदे और श्रेया कालरा को शिवांगी जोशी के बारे में की गई 'घिनौनी' टिप्पणियों के लिए क्यों नहीं टोका गया? जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए फराह खान ने यूजर से जजमेंट डे का एपिसोड देखने की बात कही है।

### पोस्ट में क्या लिखा था?

इंस्टाग्राम पर एक दर्शक ने लॉकअप 2 के हालिया एपिसोड में शिल्पा शिंदे और श्रेया कालरा के बीच हुई बातचीत को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा- 'एकता, फराह, रितेश और नेटफ्लिक्स, क्या आप लोगों के 84 कैमरे अब काम नहीं कर रहे हैं कि आप श्रेया और शिल्पा द्वारा शिवांगी पर की गई घिनौनी और घटिया टिप्पणियों को नहीं देख पा रहे हैं? वे एक इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर एक लड़की के चरित्र के बारे में लगातार घटिया बातें कर रही हैं, और आप लोग उन्हें इसके लिए टोक भी नहीं रहे हैं!? अगर आकांक्षा की गलती को इतना बड़ा मुद्दा बनाया गया और हर बात पर सवाल उठाए गए, तो आप लोग उनकी गलतियों को क्यों नज़रअंदाज कर रहे हैं, जबकि उनकी गलतियां तो कहीं ज़्यादा गंभीर हैं!? यह भेदभाव क्यों?'

### भेदभाव के आरोपों पर क्या बोलीं फराह खान?

इस एंग्री पोस्ट को देखने के बाद फराह खान से भी रहा नहीं गया और उन्होंने यूजर से जजमेंट डे का एपिसोड देखने की अपील करते हुए लिखा- 'प्लीज 'जजमेंट डे' देखें, फिर गुस्से भरे मैसेज लिखें।' इस पोस्ट पर अन्य सोशल मीडिया यूजर्स ने भी रिएक्शन दिए हैं। वहीं शिल्पा और श्रेया की बातचीत के वीडियो पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कई ने इसे घिनौना बताया तो कई ने दोनों को शो से बाहर करने की अपील की। वहीं 'लॉकअप 2' में नजर आ रहे धीरज धूपर की पत्नी विन्नी अरोड़ा ने इस बातचीत को लेकर नाराजगी जाहिर की थी और 'औरत ही औरत की दुश्मन होती है' वाली कहावत का भी जिक्र किया।

### लॉक अप 2 में शिल्पा शिंदे ने शिवंगी जोशी के बारे में क्या कहा?

जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि श्रेया कालरा से बातचीत के दौरान शिल्पा शिंदे ने शिवांगी जोशी के किरदार पर व्यक्तिगत टिप्पणी की थी। शिल्पा शिंदे ने श्रेया कालरा से बातचीत के दौरान दावा किया कि शिवांगी के कई अफेयर थे और उन्होंने टेलीविज़न पर जिन भी को-स्टार्स के साथ काम किया, उन सभी के साथ डेट किया। ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो गए।

## फीफा वर्ल्ड फाइनल में इतिहास रचने की दहलीज पर खड़े हैं लियोनेल मेसी, तोड़ सकते हैं 3 बड़े रिकॉर्ड...



डेस्क जगप्रेरणा।

***फीफा वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मुकाबला अर्जेंटीना और स्पेन के बीच 19 जुलाई को खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में दोनों ही टीमों ने बहुत अच्छा खेल दिखाया है और अब वे खिताबी मुकाबला जीतने के लिए तैयार हैं।***

लियोनेल मेसी के लिए यह वर्ल्ड कप बेहद खास रहा है, जिन्होंने अब तक 8 गोल करके अर्जेंटीना को फाइनल में पहुंचाने में सबसे अहम भूमिका निभाई है। इस फाइनल मैच में मेसी कुछ बड़े रिकॉर्ड तोड़ने के बेहद करीब हैं। आइए जानते हैं उन 3 बड़े रिकॉर्ड्र्स के बारे में, जिन्हें मेसी फाइनल मैच में अपने नाम कर सकते हैं।

### दो बार वर्ल्ड कप जीतने वाले फुटबॉल इतिहास के पहले कप्तान बन सकते हैं लियोनेल मेसी..

अर्जेंटीना ने 2022 का फीफा वर्ल्ड कप लियोनेल मेसी की कप्तानी में जीता था। अगर इस बार भी अर्जेंटीना वर्ल्ड कप जीतने में कामयाब होती है, तो मेसी दो बार वर्ल्ड कप जीतने वाले फुटबॉल इतिहास के पहले कप्तान बन जाएंगे। अगर वह ये रिकॉर्ड अपने नाम करते हैं तो भविष्य में इसे तोड़ना किसी भी दूसरे कप्तान के लिए बहुत मुश्किल होगा। फाइनल में मेसी तीन FIFA वर्ल्ड कप में टीम की कप्तानी करने वाले पहले खिलाड़ी बन जाएंगे।

### मेसी बन सकते हैं सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी..

ब्राजील के रोनाल्डो नजारियो ने 2002 के वर्ल्ड कप में 8 गोल किए थे और उनकी टीम चैंपियन बनी थी। मेसी ने भी 2026 वर्ल्ड कप में अब तक 8 गोल कर लिए हैं। अगर वह फाइनल में एक और गोल कर देते हैं और अर्जेंटीना खिताब जीत जाती है, तो वह वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम की तरफ से एक ही टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। मेसी इस वक्त गोल्डन बूट जीतने की रेस में सबसे आगे हैं। लियोनेल मेसी ने 2014 और 2022 में गोल्डन बॉल का खिताब जीता था। वह दो बार यह अवॉर्ड पाने वाले दुनिया के इकलौते खिलाड़ी हैं। अगर वह फइनल मैच में भी अच्छा खेलकर अपनी टीम को जिताते हैं, तो उन्हें फिर से गोल्डन बॉल मिल सकती है। ऐसा होने पर वह फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में तीन बार यह अवॉर्ड जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन जाएंगे।

### खिताब डिफेंड करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनने का भी मौका..

अर्जेंटीना की कोशिश रहेगी कि वह इटली और ब्राजील के बाद लगातार दो बार फीफा वर्ल्ड कप जीतने वाला दुनिया का तीसरा देश बने। अगर अर्जेंटीना स्पेन को हरा देता है, तो लियोनेल मेसी सबसे ज्यादा उम्र में लगातार दूसरा वर्ल्ड कप जीतने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। अभी यह रिकॉर्ड ब्राजील के महान खिलाड़ी निल्टन सैंटोस के नाम है, जिन्होंने 1962 में 37 साल की उम्र में अपनी टीम को लगातार दूसरा वर्ल्ड कप जिताया था।

## ऑस्कर विनिंग एक्ट्रेस ब्रेंडा फ्रिकर का निधन

## 81 साल की उम्र में ली आखिरी सांस, फैंस ने दी श्रद्धांजलि..



डेस्क जगप्रेरणा।

***'होम अलोन 2' और 'माई लेफ्ट फुट' ऑस्कर विनिंग हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्रेंडा फ्रिकर का 81 साल की उम्र में निधन हो गया है। ब्रेंडा फिकर ने एक्टिंग के लिए एकेडमी अवॉर्ड जीतने वाली पहली आयरिश महिला थीं।***

ब्रेंडा को 1990 में 'माई लेफ्ट फुट' में डैनियल डे-लुईस की ऑन-स्क्रीन मां का रोल निभाने के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का ऑस्कर मिला था। उन्होंने 1992 की चर्चित फिल्म 'होम अलोन 2: लॉस्ट इन न्यूयॉर्क' में मशहूर 'पिजन लेडी' के किरदार के लिए भी खूब सुर्खियां बटोरी थीं। इस फिल्म में मैकॉले कल्किन, जो पेस्की और डैनियल स्टर्न जैसे कलाकार अहम भूमिका में थे।

### ब्रेंडा फ्रिकर का 81 साल की उम्र में निधन..

ब्रेंडा फ्रिकर के निधन की खबर से प्रशंसक और फिल्म जगत शोक में है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, ब्रेंडा फ्रिकर के एजेंट फिल बेलफील्ड ने उनके निधन की पुष्टि करते हुए कहा, 'हम अब उनके जैसी शख्सियत फिर कभी नहीं देख पाएंगे। उनके निधन से दुनिया एक बेहतरीन इंसान से मरहूम हो गई है। उन्हें जानना, प्यार करना और उनके साथ काम करना मेरे लिए हमेशा से सम्मान की बात रही है और वो हमेशा मेरे दिल में और पूरी दुनियाभर के कई फैंस के दिल में बसी रहेंगी।' वहीं अभिनेत्री के कई फैंस ने भी सोशल मीडिया के जरिए उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### आयरलैंड में अमेरिकी राजदूत एड वॉल्श ने भी दी श्रद्धांजलि..

आयरलैंड में अमेरिकी राजदूत एड वॉल्श ने भी X पर ब्रेंडा फ्रिकर को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, 'ब्रेंडा फ्रिकर के निधन की खबर सुनकर दुख हुआ। वे आयरिश फिल्म जगत की एक दिग्गज हस्ती थीं और 'माई लेफ्ट फुट' में अपनी यादगार भूमिका के लिए अकादमी पुरस्कार जीतने वाली पहली आयरिश अभिनेत्री थीं। डबलिन से लेकर हॉलीवुड तक, उनके काम ने आयरलैंड की कहानियों को दुनिया के सामने रखा और अटलांटिक के दोनों ओर की पीढ़ियों को प्रेरित किया। वे एक शानदार विरासत छोड़ गई हैं। मैं उनके परिवार, दोस्तों और उन्हें चाहने वाले सभी लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।'


### ब्रेंडा फ्रिकर का एक्टिंग करियर..

ब्रेंडा फ्रिकर ने 1964 में फिल्म 'ऑफ ह्यूमन बॉन्डेज' से फिल्मी दुनिया में डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने बहुत छोटी सी भूमिका निभाई थी। इसके बाद उन्होंने 1964 में आयरलैंड के पहले डेली सोप 'तोलका रो' में काम किया और इस दौरान थिएटर में भी एक्टिव रहीं। 1977 में आई 'कोरोनेशन स्ट्रीट' ने उन्हें दुनियाभर में पहचान दिलाई। इसके अलावा वह BBC के लंबे समय से चल रहे मेडिकल ड्रामा 'कैजुअल्टी' से भी एक जाना-माना चेहरा बन गईं। वह 1986 से 1990 तक इस सीरीज से जुड़ी रहीं।

### ब्रेंडा फ्रिकर के मशहूर प्रोजेक्ट्स..

ब्रेंडा फ्रिकर ने अपने सालों के करियर में कई मशहूर शो और फिल्मों में काम किया। उनके सबसे मशहूर प्रोजेक्ट्स की बात करें तो 'माई लेफ्ट फुट', 'अल्बर्ट नोब्स', 'अ टाइम टू किल', 'सीकर्स', 'सो आई मैरिड एन एक्स मर्डरर', 'होम अलोन 2: लॉस्ट इन न्यूयॉर्क' और 'स्टोन ऑफ डेस्टिनी' शामिल हैं।

## 6 बॉल पर 6 छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर सर गैरफील्ड सोबर्स का निधन, 89 की उम्र में ली अंतिम सांस..



डेस्क जगप्रेरणा।

***क्रिकेट की दुनिया के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर सर गारफील्ड सोबर्स का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्हें क्रिकेट के इतिहास का सबसे शानदार ऑलराउंडर माना जाता है।***

उन्होंने साल 1954 से 1974 के बीच वेस्टइंडीज टीम के लिए बेहतरीन क्रिकेट खेला और अपने दम पर टीम को कई मैचों में शानदार जीत दिलाई।

### टेस्ट क्रिकेट में गैरी सोबर्स का प्रदर्शन रहा था शानदार..

उन्होंने अपने करियर में वेस्टइंडीज के लिए 93 टेस्ट मैच खेले और 8032 रन बनाए। इस दौरान उनका बैटिंग औसत 57.78 का रहा। इस दौरान उन्होंने 26 शतक और 30 अर्धशतक लगाए। साल 1958 में पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने नाबाद 365 रन बनाए थे, जो उस समय एक बड़ा रिकॉर्ड था। बाद में साल 1994 में उन्हीं के देश के खिलाड़ी ब्रायन लारा ने 375 रन बनाकर इस रिकॉर्ड को तोड़ा। बल्लेबाजी के साथ-साथ उन्होंने गेंदबाजी में भी कमाल किया और टेस्ट करियर में कुल 235 विकेट अपने नाम किए थे। वह अपने करियर में सिर्फ एक वनडे मैच खेलने में कामयाब रहे थे।

### 1954 में गैरी सोबर्स ने किया था इंटरनेशनल डेब्यू

28 जुलाई 1936 को बारबडोस के सेंट माइकल में जन्मे गैरी सोबर्स ने 1952 में पहली बार फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेलना शुरू किया। इसके बाद 1954 में उन्होंने अपना पहला इंटरनेशनल टेस्ट मैच खेला था। अगले 20 सालों तक सोबर्स ने अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी और शानदार गेंदबाजी से टेस्ट क्रिकेट की दुनिया पर राज किया। वे बाएं हाथ के बल्लेबाज थे। गेंदबाजी में वे न सिर्फमीडियम पेस से गेंदबाजी करते थे, बल्कि जरूरत पड़ने पर स्पिन बॉलिंग भी करते थे। इसके साथ ही वे एक बेहतरीन फील्डर भी थे। इन्हीं खूबियों की वजह से उन्हें क्रिकेट इतिहास का सबसे महान ऑलराउंडर माना जाता है।

उन्होंने अपने 383 फर्स्ट-क्लास मैचों में 28,000 से ज्यादा रन बनाए और 1000 से अधिक विकेट लिए। अपने करियर के आखिरी दिनों में उन्होंने साउथ ऑस्ट्रेलिया और नॉटिंघमशायर टीमों के लिए भी खेला।

### 6 बॉल में 6 सिक्स लगाने वाले पहले खिलाड़ी थे गैरी सोबर्स..

सर सोबर्स ने 1965 से 1972 तक वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के कप्तान के रूप में भी काम किया। इस दौरान उन्होंने 39 मैचों में कप्तानी की। यही नहीं, वे दुनिया के पहले ऐसे बल्लेबाज थे जिन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट मैच में एक ही ओवर में लगातार 6 छक्के मारने का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने यह कारनामा कार्डिफ में काउंटी चैंपियनशिप के एक मैच के दौरान किया था।

## एंडी फ्लावर ने इंग्लैंड के टेस्ट मुख्य कोच बनने से किया इनकार, आरसीबी के साथ रहेंगे..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान और अनुभवी कोच एंडी फ्लावर ने इंग्लैंड की टेस्ट टीम के नए मुख्य कोच बनने की संभावना को खारिज कर दिया है। हाल में ब्रेंडन मैकुलम के पद छोड़ने के बाद फ्लावर इस पद के प्रमुख दावेदार माने जा रहे थे,***

लेकिन उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और 'द हंड्रेड' में लंदन स्पिरिट के साथ अपनी मौजूदा कोचिंग भूमिका जारी रखने का फैसला किया है। हालांकि फ्लावर ने इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के प्रबंध निदेशक रॉब की के साथ इस पद को लेकर चर्चा की थी। लेकिन उन्होंने मौजूदा जिम्मेदारियों से संतुष्ट होने का हवाला देते हुए यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। फ्लावर 2009 से 2014 तक इंग्लैंड के मुख्य कोच रह चुके हैं। उन्होंने लंदन स्पिरिट के मीडिया कार्यक्रम में स्पष्ट किया कि वह अपनी वर्तमान जिम्मेदारियां छोड़ने के इच्छुक नहीं हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने खुद को इस दौड़ से बाहर कर लिया हैतो उन्होंने कहा, 'हां, बिल्कुल।' उन्होंने कहा, 'मैंने ईसीबी से बात की है। मुझे इंग्लैंड की राष्ट्रीय टेस्ट टीम के मुख्य कोच के खाली हुए पद की जानकारी है।'

फ्लावर ने कहा, 'मैंने ईसीबी में पुरुष क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब की से इस विषय पर चर्चा की। लेकिन मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं इस समय अपने काम से बेहद खुश हूं।' उन्होंने कहा, 'मैं दो शानदार टीम के साथ काम कर रहा हूं। मैं अपनी मौजूदा भूमिका से पूरी तरह संतुष्ट हूं।'

फ्लावर का मानना है कि आईपीएल और किसी अंतरराष्ट्रीय टेस्ट टीम के बीच संतुलन बनाना मुश्किल है क्योंकि आईपीएल इंग्लैंड के घरेलू क्रिकेट सत्र के शुरुआती महीनों में होता है।

उन्होंने कहा, 'मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर दोनों भूमिकाएं साथ निभाना संभव नहीं है, विशेषकर तब जब आईपीएल इंग्लैंड के ग्रीष्मकालीन क्रिकेट सत्र के शुरुआती दो महीनों में खेला जाता है।' उन्होंने कहा, 'मैं पहले भी इंग्लैंड के साथ काम कर चुका हूं और वह अनुभव शानदार रहा। इंग्लैंड का मुख्य कोच बनने और उस टीम का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मेरे लिए सम्मान की बात थी। उन वर्षों की यादें आज भी मेरे लिए बेहद खास हैं। लेकिन इस समय मैं अपने वर्तमान काम से पूरी तरह संतुष्ट हूं और उसी पर ध्यान देना चाहता हूं।'

अपने पिछले कार्यकाल में फ्लावर ने इंग्लैंड को टेस्ट क्रिकेट में दुनिया की नंबर एक टीम बनाया था और टीम ने उनके नेतृत्व में तीन बार एशेज श्रृंखला भी जीती। फ्लावर ने आरसीबी के साथ इस वर्ष मई में आईपीएल खिताब जीता।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



जग प्रेरणा

# साहित्य अभिव्यक्ति





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## भविष्य की शिक्षा : बदलती दुनिया में बच्चों को कैसे तैयार करें?

आज दुनिया अभूतपूर्व गति से बदल रही है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार ने हमारे जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित किया है। ऐसा माना जा रहा है कि आने वाले 10 वर्षों में जितने परिवर्तन होंगे, वे पिछले 100 वर्षों से भी अधिक तेज़ और व्यापक होंगे।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ), रोबोटिक्स, ड्रोन, 3ष्ठ प्रिंटिंग, बायोटेक्नोलॉजी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (ढ्ढशञ्ज) और ऑटोमेशन जैसी तकनीकों ने उद्योग, व्यापार, शिक्षा और रोजगार के स्वरूप को पूरी तरह बदलना शुरू कर दिया है। ऐसे समय में सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या हमारी शिक्षा प्रणाली भविष्य की चुनौतियों के लिए बच्चों को तैयार कर रही है?

आज का विद्यालय केवल पुस्तकों का ज्ञान देने का स्थान नहीं रह गया है। अब विद्यालयों का उद्देश्य ऐसे विद्यार्थियों का निर्माण करना है जो बदलती परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढाल सकें, नई समस्याओं का समाधान खोज सकें और समाज को नई दिशा दे सकें। विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले वर्षों में लाखों नए रोजगार उत्पन्न होंगे, जबकि अनेक पारंपरिक रोजगार समाप्त हो जाएंगे। अनुमान है कि वर्ष 2035 तक कई ऐसे रोजगार होंगे जो आज अस्तित्व में ही नहीं हैं। इसलिए बच्चों को केवल वर्तमान के लिए नहीं, बल्कि भविष्य के लिए तैयार करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

भविष्य में सबसे अधिक अवसर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग गणित तथा मानवीय कौशल से जुड़े क्षेत्रों में होंगे। इसलिए बच्चों में वैज्ञानिक सोच, तकनीकी दक्षता और नवाचार की भावना विकसित करना आवश्यक है। लेकिन केवल तकनीकी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है। मशीनें गणना कर सकती हैं, आँकड़ों का विश्लेषण कर सकती हैं, परंतु रचनात्मकता, संवेदनशीलता, नैतिकता और मानवीय मूल्यों का स्थान कभी नहीं ले सकतीं। इसलिए शिक्षा का उद्देश्य केवल बुद्धिमान व्यक्ति बनाना नहीं, बल्कि एक अच्छा इंसान बनाना भी होना चाहिए।

नई शिक्षा का आधार तार्किक सोच और रचनात्मकता का संतुलन होना चाहिए। बच्चे तर्क करना सीखें, तथ्यों का विश्लेषण करें और साथ ही कल्पनाशील भी बनें। उन्हें केवल उत्तर याद करने की आदत न हो, बल्कि प्रश्न पूछने, नए विचार प्रस्तुत करने और प्रयोग करने का साहस भी हो। यही गुण उन्हें भविष्य का समस्या समाधानकर्ता और नवप्रवर्तक बनाएँगे।

विद्यालयों को अब केवल परीक्षा और अंकों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। बच्चों को वास्तविक जीवन से जुड़े कौशल भी सिखाने होंगे। जैसे–आलोचनात्मक चिंतन, प्रभावी संवाद, समूह में कार्य करने की क्षमता, नेतृत्व, डिजिटल साक्षरता, समय प्रबंधन, निर्णय लेने की क्षमता तथा भावनात्मक बुद्धिमत्ता। ये ऐसे गुण हैं जो किसी भी क्षेत्र में सफलता की मजबूत नींव बनते हैं। जो विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख सकता है, दूसरों के साथ मिलकर कार्य कर सकता है और कठिन परिस्थितियों में समाधान खोज सकता है, वह जीवन में कहीं भी सफल हो सकता है।

आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में जानकारी प्राप्त करना कठिन नहीं है, लेकिन सही जानकारी का सही उपयोग करना सबसे बड़ी कला है। इसलिए शिक्षकों की भूमिका पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। अब शिक्षक केवल पढ़ाने वाले नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, प्रेरणास्रोत और व्यक्तित्व निर्माता हैं। उनका कार्य बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानना, उनकी जिज्ञासा को बढ़ावा देना और उन्हें सही दिशा देना है। एक अच्छा शिक्षक बच्चों को उत्तर देने से अधिक प्रश्न पूछना सिखाता है।

अभिभावकों की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। बच्चों पर केवल अंक लाने का दबाव डालने के बजाय उन्हें सीखने, सोचने और नए अनुभव प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यदि घर और विद्यालय मिलकर सकारात्मक वातावरण तैयार करें, तो बच्चे आत्मविश्वासी, जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बन सकते हैं। शिक्षा तभी सफल होगी जब उसमें ज्ञान के साथ संस्कार, अनुशासन और मानवीय मूल्य भी शामिल हों।

आज आवश्यकता ऐसी शिक्षा की है जो बच्चों में जिज्ञासा और कल्पनाशक्ति का विकास करे। महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा था।

÷तर्क आपको एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचा सकता है, लेकिन कल्पनाशक्ति आपको हर स्थान तक पहुँचा सकती है।÷

यही कल्पनाशक्ति भविष्य के नए आविष्कारों और समस्याओं के समाधान की आधारशिला है।

नई शिक्षा का लक्ष्य केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं, बल्कि ऐसे व्यक्तित्व का निर्माण करना होना चाहिए जो समाज, राष्ट्र और मानवता के विकास में योगदान दे सके। हमें ऐसे विद्यार्थियों की आवश्यकता है जो तकनीकी रूप से सक्षम होने के साथ-साथ नैतिक, जिम्मेदार और संवेदनशील भी हों। यदि विद्यालय आधुनिक तकनीक, जीवन कौशल, रचनात्मक शिक्षा और मानवीय मूल्यों का समन्वय कर सकें, तो आने वाली पीढ़ी हर चुनौती का सामना करने में सक्षम होगी।

बदलती दुनिया में शिक्षा का उद्देश्य केवल बच्चों को पढ़ाना नहीं, बल्कि उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है। सही शिक्षा, सही मार्गदर्शन और प्रेरणादायक वातावरण ही बच्चों को सफल, जिम्मेदार और नवाचारी नागरिक बना सकता है। आज जो विद्यालय भविष्य की आवश्यकताओं को समझते हुए बच्चों का सर्वांगीण विकास करेंगे, वही कल समाज और राष्ट्र के निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। भविष्य उन्हीं का है जो सीखने, बदलने और आगे बढ़ने का साहस रखते हैं।

लेखक



हरीश नाग

## जीवन..

बहुत अच्छी कविता लिखने के लिए
बड़े बुरे दौर से गुजरना पड़ता है।
सच जहरीला लगता है।
सच का कड़वा घुट पीना पड़ता है।

हाथ पांव सलामत नहीं।
पर लंगड़ी काया से भी चलना पड़ता है।
जीवन जटिल होता है।
पर भी मधुर गीत सुनना पड़ता है।

आँखों में नमी रखकर भी
होंठों पे मुस्कान रखना पड़ता है।
रातें काटती हैं तन्हाई से
दिन गुजारने का बहाना करना पड़ता है।

ज़ख्म गिनते-गिनते थक जाएं
फिर भी सपनों की गिनती करना पड़ता है।
गिरकर उठना आदत बना लो
क्योंकि हार मानने से पहले
खुद से वादा निभाना पड़ता है।

और एक दिन समझ आता है
जीवन बस इतना ही है
टूटकर भी जुड़ते रहना।
मृत्यु भी डर नहीं लगती फिर
जब हर सांस में कविता धड़कती है।

इसलिए मरने से पहले
कुछ ऐसा लिख जाना पड़ता है
कि लोग कहें
ये गया नहीं.. ये शब्दों में जीता है।

लेखक



हिमांशु हाड़गे
बालाघाट

## तुम कहो तो एक गीत लिख दूँ अभी..

तुम कहो तो एक गीत लिख दूँ अभी।
ये धरा भी होगी पुलकित तभी।
नेह से नेह का जब होता मिलन।
अभिव्यक्ति निखरती हो मधुरिम सृजन।
वेदना,संवेदना में बदल जाएगी।
जिससे ये लेखनी भी संभल पाएगी।
तुम कहो तो एक गीत..

सान्निध्य मिला है जब से तेरा।
आह्लादित हुआ है हृदय ये मेरा।
शब्द-सागर का मिलकर करें मन्थन।
तभी हो सकेगा भावों का अवकलन।
अनुभूतियों की वृष्टि हो जाएगी।
लेखनी फिर सतत मुस्काएगी।
तुम कहो तो एक गीत..

काव्य-नौका में है दोनों का विशिष्ट स्थान।
कर रहे मिलकर भावों का अनुसंधान।
जब होंगे सृजन के समन्वित प्रयास।
होगा भावना का समुचित विकास।
नवल-ऊर्जा,नव-सृजन को हर्षाएगी।
सामीप्य की अनुभूति हो जाएगी।
तुम कहो तो एक गीत..

मानवीयता में जो हैं रिक्तियाँ।
विचलित करती जो हैं उक्तियाँ।
उन्हें दूर ही करना होगा हमें।
बाधाओं से नहीं डरना होगा हमें।
ये लेखनी तब सुधा बरसाएगी।
नेह का पाठ सबको समझाएगी।
तुम कहो तो एक गीत..

सारे अश्रु पोंछ लो अब तुम।
पीड़ा मन की अब होगी गुम।
उस असीम से नाता जोड़ें।
मन के भाव उधर को मोड़ें।
अब न कभी वेदना तड़पाएगी।
उस अनंत से हमको मिलवाएगी।
तुम कहो तो एक गीत..

शब्द,भाव से मिल गीत बन रहे।
उभय हृदय की प्रीत बन रहे।
होगा अब विसतार गगन का।
निखरेगा अब रूप सृजन का।
लेखनी सुरभित हो जाएगी।
मधुरिम गीत शाश्वत ही गाएगी।
तुम कहो तो एक गीत..


तुम्हारे सृजन में
सदा मधुमास मिला।
मन-सुमन मेरा सदा ही खिला।
झंकार ,लय-स्वर की होगी जब।
पूरे होंगे मन के स्वप्न सभी तब।
तुम्हारी अनुभूति
जब मेरी हो जाएगी।
'यमुनेश्वरी' ये
लेखनी द्विगुणित हो पाएगी।
तुम कहो तो एक
गीत लिख दूँ अभी।
ये धरा भी होगी पुलकित तभी।

रचनाकार



वल्लभ यमुनेश्वरी
नैनपुर


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 220



ck;s ls nk;s ls& 1) अपने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पिताजी का नाम 5) ओट में होना, सामने न आना 7) महाराष्ट्र के पांढूरना गांव में पोले के दिन आपस में पत्थर मारने का खेल 11) वेश्या 13) ढंग 14) चुराना 16) मधु 18) रिवाज 19) उम्र 20) कण 21) आचरण 23) विलाप करना 24) असफल 27) परिधान कराना 28) घुमक्कड़, जो अलग अलग गांवों में घुमते पर भी संतुष्ट रहता है 31) कामदेव 32) शरम 33) अशुद्ध, जो ठीक न हो 34) श्रीलंका की एक जाति या बोली 35) मां की मां की मां 36) एक जलचर प्राणी 37) विवाह विच्छेद 38) हमाल 41) व्यंगोक्ति 42) कार्य, करतूत 43) खानगी 45) गाना, विशेष प्रकार का गीत 46) टालमटोल करना इस अर्थ का एक मुहावरा 50) छाया 53) पतंगा 54) अन्नजल 55) दफा 56) गमन करना 57) जेवर 58) बुद्धि 59) महक, वास 60) अच्छा 61) खंदक 62) सुडौल करना, बातें बनाना 63) निरक्षर 64) सज्जित करना, ठीक से रखना 66) प्रणाम, अभिवादन का एक शब्द 67) एक शिकारी पक्षी 68) पवित्र 70) समस्त, समग्र 71) अन्य 72) एक हिंस्त्र पशु 74) उम्र, आयु 75) चन्द्रमा 78) न्याय के अनुसार अवयव और अवयवी का अविच्छेद सम्बन्ध 79) जल रोकने का बांध, पुल 80) एक पुराने समाजवादी नेता जिन्होंने इन्दिरा गांधी को इलाहाबाद चुनाव क्षेत्र से पराजित किया था 81) धब्बा 82) सप्ताह का एक दिन 84) पाटलिपुत्र के राजा चन्द्रगुप्त के मन्त्री एवं अनेक नीति ग्रन्थों को रचनेवाले प्रसिद्ध मुनि जो कौटिल्य के नाम से प्रसिद्ध है 85) शरमाना 88) तरीका 89) गोद 90) सुंदर 91) छत्रपति शिवाजी महाराज को कोंडाना (आज का सिंहगढ़) किला जिताने का श्रेय जाता है वह वीर सरदार 93) दुर्ग 95) ब्राह्मण 96) महाभारत के युधिष्ठिर के लिए एक संबोधन 98) जंगल में लगनेवाली आग 100) सिंह 102) मेहमानों का सत्कार करनेवाला 103) जगह 104) यमलोक 105) गरीबों का त्राता

Åij ls uhps& 1) टकसाल में ढला हुआ रुपया 2) वास करना 3) आनंद, मनोविनोद, स्वाद 4) डर से स्तंभित होना 5) व्यभिचारिणी 6) नष्ट, ध्वंस 7) अंक, आंचल 8) पीटना 9) किसी वस्तु के खाने का स्वाद जो छः प्रकार का होता है 10) भेड़ का बच्चा 11) हवाई जहाज 12) रोजाना बिक्री की आमदनी 15) रचना करनेवाला, रचयिता 17) हड़ताल करनेवाला 19) आय, कमाई 21) इच्छा, चाह, प्रेम 22) हमारे एक भूतपूर्व प्रधानमंत्री 23) अंग्रेजी की एक लिपी 25) इच्छा करना 26) जीवन निर्वाह 27) बड़े प्रेम से स्वागत करना इस अर्थ का एक मुहावरा 29) गन्ध निकलना, गन्धित होना 30) किसी व्यक्ति का दूसरा नाम 32) किसी वस्तु का उत्पादन करने में लगनेवाला खर्च 33) कंठ 36) मृत्यु होना 37) तड़फड़ाहट 38) बन्धु 39) एक वायु रोग 40) शूकर 41) रक्षा करना 42) कृति, टोटका 44) धाय, सेविका 47) खिड़की, झरोखा 48) रामकृष्ण परमहंस का नाम 49) माथा 51) शीतकाल में ओढ़ने की रुईभरी एक किस्म का मोटी चादर 52) बहन का सा सम्बन्ध 53) पतिव्रता स्त्री, सती 55) वेद व्यास का एक नाम 57) किला, दुर्ग 58) मन, वाणी, कर्म से (संस्कृत) 59) बेवकूफ, अनाड़ी 60) समान आयुवाला 61) आवभगत 62) एक त्वचा रोग 64) 'रामचरित मानस' के रचयिता 65) तुच्छ 67) बोली, वाणी 69) त्रुटि 71) इन्हें का एकवचन 73) कपड़े बुनने में लंबाई व चौड़ाई के फैलाये हुये धागे 76) संसार, विश्व 77) सूर्य 80) 'राणा' का अपभ्रंश 83) हिन्दू धर्म में वर्णित चार आश्रमों से एक आश्रम 86) जनरव, लोकनिन्दा 87) शानीद्वारा लिखा गया एक उपन्यास 89) दृष्टिहीन 91) तालाब 92) जीवित रहने की अवस्था, पानी 93) उपभोग कर्ता द्वारा दिया जानेवाला धन, भाड़ा 94) मक्के की प्रसिद्ध मसजिद या इमारत 97) जीत 99) ईसाई साध्वी (अं.) 101) बड़ी नदी (जबाब अगले अंक में)

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

## लीक..

इधर लीक है, उधर लीक है,
जिधर देखिए, उधर लीक है।
जलता और जलाता प्रश्न है,
बार-बार क्यों नीट लीक है?
शिक्षक स्कूल पहुँच न पाएँ,
इसीलिए भी टीईटी लीक है।
जंतर-मंतर आज भरा है,
जो जाता वहाँ, वही लीक है।
इंसानो, अब सोचना होगा,
क्योंकर इंसानियत लीक है।
जितने सभ्य कहलाने लगे हैं,
चरित्र उतने हुए लीक है।
किस-किस को अब ठीक करेंगे,
पूरा सिस्टम हुआ लीक है।

लेखक



संतोष सिंह नैकाने,
गोंदिया महाराष्ट्र

## महफिल में भी आदमी अकेला है..

महफिल में भी
आदमी अकेला है,
मौत तो ठीक है
जिंदगी झमेला है।

साँसे जब-तक
चले है इस तन की,
तब-तक होते रहता
यहाँ खेला है।

कारण जिसके
ये दुनिया चल रही,
उसे काटने के लिए
लगा मेला है।

नहीं किसी को
फिक्र किसी की,
धन दौलत के वास्ते
रेलमपेला है।

इंसां को इंसां
कोई समझता नहीं,
जहाँ को बना दिया
इक तबेला है।

अनिल कसेर
'उजाला'





जग प्रेरणा
# व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## रिलायंस का जून तिमाही में शुद्ध लाभ 22 प्रतिशत घटकर 20,946 करोड़ रुपये, राजस्व 25 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, (भाषा)।

***देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 22 प्रतिशत घटकर 20,946 करोड़ रुपये रह गया।***




हालांकि तेल-से-रसायन एवं दूरसंचार कारोबारों के अच्छे प्रदर्शन से कंपनी का मुख्य परिचालन लाभ एवं कर पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

आरआईएल ने शुक्रवार को अप्रैल-जून 2026-26 तिमाही के नतीजों की सूचना देते हुए कहा कि इस दौरान कंपनी का एकीकृत राजस्व 25.4 प्रतिशत बढ़कर 3.12 लाख करोड़ रुपये हो गया।

जून तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ घटकर 20,946 करोड़ रुपये रह गया जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 26,994 करोड़ रुपये था। गिरावट की मुख्य वजह पिछले वर्ष की समान तिमाही में 8,924 करोड़ रुपये का एकबारगी लाभ है। उस समय कंपनी को एशियन पेंट्स में अपनी हिस्सेदारी बेचने से असाधारण लाभ हुआ था।

अगर इस एकबारगी लाभ को हटा दिया जाए तो जून तिमाही में रिलायंस का वास्तविक प्रदर्शन मजबूत रहा है। रिलायंस ने कहा कि तिमाही आधार पर उसका ईबीआईटीडीए 10.1 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 54,067 करोड़ रुपये हो गया, जबकि शुद्ध लाभ 6.1 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 23,196 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

आलोच्य अवधि में रिलायंस इंडस्ट्रीज के विभिन्न कारोबार खंडों का प्रदर्शन मिला-जुला रहा, जहां तेल-से-रसायन (ओ2सी) एवं दूरसंचार व्यवसाय ने मजबूत वृद्धि दर्ज की जबकि खुदरा कारोबार अपेक्षाकृत कमजोर रहा।

ओ2सी कारोबार की मुख्य आय सालाना आधार पर 17.2 प्रतिशत बढ़कर 17,010 करोड़ रुपये हो गया। बेहतर रिफाइनिंग मार्जिन और पेट्रोकेमिकल उत्पादों की मांग ने इस वृद्धि को सहारा दिया।

दूरसंचार कारोबार कंपनी की वृद्धि का प्रमुख इंजन बना रहा। जियो प्लेटफॉर्म्स का लाभ 15.1 प्रतिशत बढ़ा जबकि ग्राहक आधार 53.3 करोड़ से अधिक हो गया। प्रौद्योगिकी निवेशों से राजस्व में भी लगातार विस्तार हुआ।

हालांकि, खुदरा कारोबार का प्रदर्शन धीमा रहा। रिलायंस रिटेल का राजस्व 7.4 प्रतिशत बढ़कर 90,408 करोड़ रुपये हुआ, लेकिन डिजिटल कॉमर्स प्लेटफॉर्म में लगातार निवेश के कारण ईबीआईटीडीए 1.1 प्रतिशत घटकर 6,309 करोड़ रुपये रह गया और मार्जिन 7.9 प्रतिशत तक सिमट गया।

जियो प्लेटफॉर्म्स ने 20,865 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड कर-पूर्व लाभ दर्ज किया, जो सालाना आधार पर 15.1 प्रतिशत अधिक है। ईबीआईटीडीए मार्जिन 1.50 प्रतिशत अंक बढ़कर 53.3 प्रतिशत हो गया। जून तिमाही में जियो प्लेटफॉर्म्स ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास मसौदा दस्तावेज दाखिल कर दिया है जो इसके संभावित आईपीओ की दिशा में एक बड़ा कदम है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा, ÷जियो का मोबाइल, होम ब्रॉडबैंड और उद्यम कारोबार खंड मजबूत बना हुआ है। मसौदा दस्तावेज दाखिल करना बाजार में सूचीबद्धता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे निवेशकों को भारत की डिजिटल वृद्धि में भागीदारी का अवसर मिलेगा।÷

पेट्रोरसायन कारोबार का ईबीआईटीडीए 17.2 प्रतिशत बढ़कर 17,010 करोड़ रुपये पहुंच गया, जिसे वैश्विक रिफाइनिंग मार्जिन में सुधार और पेट्रोरसायन विस्तार से समर्थन मिला। हालांकि, महंगे कच्चे तेल और रखरखाव के लिए अस्थायी बंदी का असर भी रहा।

खुदरा कारोबार खंड में कंपनी ने तिमाही के दौरान 252 नए स्टोर जोड़े, जिससे कुल स्टोर की संख्या 20,169 हो गई। इसका ग्राहक आधार 10.6 प्रतिशत बढ़कर 39.6 करोड़ हो गया, जबकि तिमाही लेनदेन 46 प्रतिशत बढ़कर 56.8 करोड़ रहा।

डिजिटल सेवाएं कंपनी की सबसे बड़ी वृद्धि कारक बनी रहीं। जियो का राजस्व 12 प्रतिशत बढ़कर 45,961 करोड़ रुपये रहा, जबकि डेटा खपत में तेज वृद्धि देखी गई। कुल डेटा ट्रैफिक 27 प्रतिशत बढ़कर 69 एक्साबाइट हो गया और औसत प्रति उपयोगकर्ता राजस्व (एआरपीयू) 215.6 रुपये तक पहुंच गया।

तेल एवं गैस (अपस्ट्रीम) कारोबार में राजस्व 3.2 प्रतिशत बढ़ा, जबकि ईबीआईटीडीए लगभग स्थिर रहा। केजी-डी6 ब्लॉक से गैस उत्पादन में प्राकृतिक गिरावट के बावजूद कोल बेड मीथेन और तेल उत्पादन से कुछ संतुलन बना।कंपनी का तिमाही पूंजीगत व्यय 38,682 करोड़ रुपये रहा, जिसे 41,254 करोड़ रुपये के आंतरिक नकदी प्रवाह से पूरा किया गया। जून अंत तक शुद्ध कर्ज 1,22,914 लाख करोड़ रुपये रहा।

अंबानी ने कहा, ÷वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत में सभी कारोबारों ने मजबूत परिचालन प्रदर्शन दिया है और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनी का पोर्टफोलियो जुझारू बना हुआ है।÷

उन्होंने नई ऊर्जा परियोजनाओं के शुरू होने और जियो की संभावित सूचीबद्धता का जिक्र करते हुए कहा कि इस तिमाही के नतीजों से उन्हें 'कारोबार की मूलभूत मजबूती पर भरोसा' और 'आने वाले वर्ष को लेकर आशावादी होने का कारण' मिला है।

## आवक कम रहने और मांग बढ़ने से सभी तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

नई दिल्ली, (भाषा)।

***बाजार में मांग बढ़ने तथा नीचे दाम पर किसानों की बिकवाली कम होने से शुक्रवार को सभी तेल-तिलहन कीमतें मजबूत रहीं तथा सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम में सुधार आया।***



शिकॉगो एक्सचेंज काफी तेजी है। जबकि शुक्रवार होने के कारण दोपहर 3.30 बजे मलेशिया एक्सचेंज लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हो गया।

बाजार सूत्रों ने कहा कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर देश में खाद्यतेलों की मांग है। किसान नीचे दाम पर अपनी उपज बेचने से बच रहे हैं जिससे बाजार में आवक की कमी हो रही है। किसानों के पास सरसों और सोयाबीन का स्टॉक है। अचार बनाने वाली कंपनियों की सरसों तेल की मांग निरंतर बढ़ रही है। इस वजह से सरसों तेल-तिलहन में सुधार है।

उन्होंने कहा कि सोयाबीन में 82 प्रतिशत तेल-रहित खल (डीओसी) और लगभग 18 प्रतिशत तेल निकलता है। इस वजह से सोयाबीन के मामले में खल का कारोबार महत्वपूर्ण हो जाता है। सोयाबीन के डीओसी की निरंतर मांग बढ़ रही है और किसान आवक लाना, घटाते जा रहे हैं।

इस कारण सोयाबीन तेल-तिलहन में भी सुधार है। यही हाल बिनौले का भी है। इसमें भी लगभग 90 प्रतिशत खल निकलता है और लगभग 10-12 प्रतिशत तेल निकलता है। इसकी उपलब्धता लगभग नगण्य है। इस वजह से बिनौला तेल में भी सुधार है। बाजार में आम तेजी के रुख के कारण मलेशिया एक्सचेंज स्थिर रहने के बावजूद पाम-पामोलीन तेल के दाम मजबूत बंद हुए।

सूत्रों ने कहा कि बिनौला तेल की कमी मूंगफली तेल से पूरी हो रही है जिसके कारण इसकी मांग है। मजबूत मांग होने की वजह से तेजी के आम रुख के अनुरूप मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में भी सुधार देख गया।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे..

सरसों तिलहन - 8,075-8,100 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 7,350-7,925 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 17,000 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,665-2,965 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 16,550 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,705-2,805 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,705-2,855 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,800 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,650 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,325 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,825 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 16,325 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,800 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,600 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,550-7,600 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 7,400-7,475 रुपये प्रति क्विंटल।

## जियो प्लेटफॉर्म्स का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 9.2 प्रतिशत बढ़कर 7,764 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, (भाषा)।

***जियो प्लेटफॉर्म्स का वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में शुद्ध लाभ 9.2 प्रतिशत बढ़कर 7,764 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने कहा कि ग्राहक बाजार हिस्सेदारी में लगातार बढ़ोतरी, प्रति उपयोगकर्ता औसत आय (एआरपीयू)***

में वृद्धि और डिजिटल सेवाओं की बिक्री के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। डिजिटल और दूरसंचार कारोबार वाली कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड (जेपीएल) ने वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में 7,110 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने एक बयान में कहा, ÷डिजिटल सेवा कारोबार ने इस तिमाही में अपनी वृद्धि की रफ्तार बनाए रखी। मोबाइल सेवाओं, घरेलू ब्रॉडबैंड और उद्यम सेवाओं के क्षेत्र में जियो का प्रदर्शन मजबूत रहा, जिससे सालाना आधार पर आय में 15 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि दर्ज की गई।÷

उन्होंने कहा कि इस तिमाही के दौरान जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपने आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल किए हैं, जो कंपनी की शेयर बाजार में सूचीबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अंबानी ने कहा, ÷प्रस्तावित आईपीओ जियो की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा और यह निवेशकों को भारत की डिजिटल वृद्धि गाथा में भागीदार बनने का अवसर देगा।÷

कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसकी परिचालन आय 11.8 प्रतिशत बढ़कर 39,173 करोड़ रुपये हो गई, जो 2025-26 की समान तिमाही में 35,032 करोड़ रुपये थी।

जियो ने कहा कि जियो प्लेटफॉर्म्स का राजस्व सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़ा है। इसके पीछे ग्राहक बाजार हिस्सेदारी में लगातार वृद्धि, उपयोगकर्ता औसत राजस्व (एआरपीयू) में बढ़ोतरी और डिजिटल सेवाओं के कारोबार में मजबूत वृद्धि प्रमुख कारण रहे।

समीक्षाधीन तिमाही में जियो प्लेटफॉर्म्स का एआरपीयू 3.3 प्रतिशत बढ़कर 215.6 रुपये हो गया। कंपनी ने कहा कि बेहतर ग्राहक मिश्रण और अनुकूल मौसमी परिस्थितियों से इसमें वृद्धि हुई। हालांकि, फिक्स्ड ब्रॉडबैंड ग्राहकों के लिए प्रचार योजनाओं का इसका कुछ असर रहा।

वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी का एआरपीयू 208.8 रुपये था। कंपनी का ग्राहक आधार सालाना आधार पर 7.1 प्रतिशत बढ़कर 53.3 करोड़ हो गया, जो 2025-26 की समान तिमाही में 49.8 करोड़ था।

## बिहार में निवेश बढ़ाने के लिए आगे आएं संस्थाएं: मंत्री मिथिलेश तिवारी

पटना, (भाषा)।

***बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने देश की प्रमुख सामाजिक एवं कॉरपोरेट संस्थाओं से बिहार में निवेश करने तथा सामाजिक विकास कार्यों में भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य,***

पोषण और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में राज्य में व्यापक संभावनाएं हैं और सरकार निवेशकों को हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। तिवारी ने बृहस्पतिवार को कर्नाटक के सत्य साई ग्राम में स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में देश के अन्य राज्यों की तुलना में सीएसआर मद में अपेक्षाकृत कम व्यय होता है। ऐसे में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं के लिए बिहार में काम करने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं तथा प्रक्रियाओं को सरल बनाकर निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है।



शिक्षा मंत्री ने कहा कि जिस प्रकार विभिन्न संस्थाओं ने दक्षिण भारत के सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, उसी प्रकार उत्तर भारत, विशेषकर बिहार के विकास में भी उन्हें सहभागिता निभानी चाहिए।

उन्होंने वन वर्ल्ड वन फैमिली मिशन के संस्थापक सद्गुरु मधुसूदन साई से बिहार में भी कर्नाटक की तर्ज पर शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े संस्थान स्थापित करने का आग्रह किया। मिशन लंबे समय से बिहार में अवसर तलाश रहा है और अब राज्य सरकार स्वयं उसे आमंत्रित कर रही है।

तिवारी ने कहा कि बिहार के लगभग 97 हजार विद्यालयों में दो करोड़ से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिन्हें इस प्रकार की पहल का प्रत्यक्ष लाभ मिल सकता है। उन्होंने कहा कि बिहार तेजी से विकास की ओर अग्रसर है तथा सड़क, रेल और हवाई संपर्क के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। साथ ही कानून-व्यवस्था की स्थिति भी लगातार बेहतर हुई है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत-2047' के संकल्प को साकार करने के लिए समाज और सरकार दोनों को मिलकर कार्य करना होगा। जब तक विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंचेगा, तब तक विकसित भारत का लक्ष्य पूरा नहीं हो सकेगा।

मंत्री ने कुपोषण मुक्त भारत की दिशा में बाजरा के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार की उपजाऊ भूमि इस क्षेत्र में भी व्यापक संभावनाएं रखती है और इससे पोषण सुरक्षा को मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रम में सद्गुरू, मधुसूदन साई, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्व अध्यक्ष एन. दामोदरन, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के.आर. लक्ष्मीनारायण सहित सीएसआर क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नीति आयोग के निवेश अनुकूल सूचकांक में गुजरात शीर्ष पर, लक्षद्वीप का प्रदर्शन सबसे खराब

नई दिल्ली, (भाषा)।

***नीति आयोग के निवेश अनुकूल सूचकांक में गुजरात पहले स्थान पर है। वहीं महाराष्ट्र और तमिलनाडु क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, केंद्र शासित प्रदेशों में लक्षद्वीप का प्रदर्शन सबसे खराब रहा,***

जिसके बाद लद्दाख और अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह रहे। इस सूचकांक में बुनियादी ढांचा, कारोबारी माहौल, संसाधन, सरकारी नीतियां, नियामकीय सुगमता, संस्थागत व्यवस्था, वित्तीय स्थिति और पर्यावरण संबंधी मजबूती के आधार पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का मूल्यांकन किया गया है।

नीति आयोग के वाइस चेयरमैन अशोक कुमार लाहिड़ी द्वारा जारी रिपोर्ट में राज्यों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है- बड़े राज्य, पहाड़ी एवं पूर्वोत्तर राज्य तथा शहर वाले राज्य (दिल्ली आदि) और केंद्र शासित प्रदेश। बड़े राज्यों की श्रेणी में बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल का प्रदर्शन सबसे कमजोर रहा। वहीं, ओडिशा, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर रहे।

गुजरात 56.6 अंक के साथ शीर्ष पर रहा।

रिपोर्ट के अनुसार, राज्य का बेहतर प्रदर्शन बुनियादी ढांचे, कारोबारी माहौल, वित्तीय स्थिति, नियामकीय सुगमता और सरकारी नीतियों के क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन के कारण रहा। हालांकि, संसाधन, संस्थागत व्यवस्था और पर्यावरण अनुकूल उपायों के क्षेत्रों में सुधार की गुंजाइश है।

रिपोर्ट में कहा गया कि बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में गुजरात की बेहतर रैंकिंग उसके कुशल बंदरगाह संचालन और बिजली क्षेत्र के कारण है। राज्य में प्रतिस्पर्धी औद्योगिक एवं वाणिज्यिक बिजली दरों तथा बिजली पारेषण एवं वितरण (टीएंडडी) में कम नुकसान ने भी योगदान दिया है।

महाराष्ट्र 53.7 अंक के साथ बड़े राज्यों की श्रेणी और पूरे देश के स्तर पर दूसरे स्थान पर रहा। नीति आयोग ने कहा कि राज्य को कारोबारी माहौल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन का लाभ मिला है। इसके अलावा संसाधन और वित्तीय स्थिति के क्षेत्रों में भी राज्य का प्रदर्शन मजबूत रहा, जबकि बुनियादी ढांचे और नियामकीय सुगमता में सुधार की संभावना है।

तमिलनाडु 53.3 अंक के साथ देशभर और बड़े राज्यों की श्रेणी में तीसरे स्थान पर रहा। राज्य का प्रदर्शन बुनियादी ढांचे और कारोबारी माहौल के क्षेत्र में मजबूत रहा, जबकि वित्तीय स्थिति में सुधार की जरूरत बताई गई है। पहाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों की श्रेणी में उत्तराखंड, असम और हिमाचल प्रदेश शीर्ष तीन स्थानों पर रहे।

रिपोर्ट जारी करते हुए लाहिड़ी ने कहा कि भारत में निवेश दर करीब 25 प्रतिशत है, जो उस समय चीन की निवेश दर से कम है। उन्होंने कहा, ÷पिछले कुछ वर्षों में भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था रहा है। आर्थिक वृद्धि में निवेश की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भारत को अधिक निवेश की जरूरत है, क्योंकि इससे मांग को भी बढ़ावा मिलता है।÷

लाहिड़ी ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए केवल उच्च आर्थिक वृद्धि दर बनाए रखना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना होगा कि वृद्धि व्यापक, मजबूत और उत्पादकता आधारित हो।

उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए ऐसे निवेश में तेजी लाने की जरूरत है, जो उत्पादन क्षमता बढ़ाए, विनिर्माण को मजबूत करे, गुणवत्तापूर्ण रोजगार पैदा करे और नवाचार को बढ़ावा दे। निवेश अनुकूलता सूचकांक में सभी 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया गया है। इसमें यह आकलन किया गया है कि कोई राज्य निवेशकों के लिए कितना आकर्षक है और वहां निवेशकों को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

## गुजरात के उपमुख्यमंत्री संघवी ने एचसीएल टेक के वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्र का उद्घाटन किया..

गांधीनगर, (भाषा)।

***गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने शुक्रवार को गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी में एचसीएल टेक के वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्र का उद्घाटन किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, संघवी ने इसे गिफ्ट सिटी***

के विकास और गुजरात के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उद्घाटन समारोह में संघवी ने एचसीएल टेक की 'कम बैक होम' पहल की सराहना की। बयान में संघवी के हवाले से कहा गया, ÷गुजरात के कई प्रतिभाशाली युवा वर्तमान में रोजगार की तलाश में अपने परिवार और माता-पिता से दूर बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद और यहां तक कि अमेरिका में काम कर रहे हैं।



एचसीएल की पहल उन्हें वापस अपने गृह राज्य में लाने और रोजगार उपलब्ध कराने का उदाहरण पेश करती है, जिसे अन्य कंपनियां भी अपना सकती हैं।÷

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से गुजरात के युवा अपने गृह नगर में परिवार के साथ रहते हुए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी आईटी करियर बना सकेंगे और अपनी आकांक्षाओं को पूरा कर सकेंगे।

एचसीएल टेक ने उद्योग और शिक्षा जगत के बीच सहयोग बढ़ाने तथा भविष्य की जरूरतों के अनुरूप प्रौद्योगिकी प्रतिभा तैयार करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गांधीनगर और गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (जीटीयू) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# बारिश में बहेला स्थित छोटी बाघ नदी पर बने कोल्हापुर डेम से बढ़ती है परेशानियां

## लकड़ियां, बास, झाड़ियाँ फंसने से बढ़ता है बाढ़ का खतरा..





जगप्रेरणा लांजी।

***आपदा कभी अचानक नहीं आती, उसकी आहट पहले से दिखाई देती है। बहेला की छोटी बाघ नदी पर बने कोल्हापुर डेम (पुल) की मौजूदा तस्वीर भी कुछ ऐसी ही चेतावनी***

दे रही है। बाढ़ का पानी उतर चुका है, नदी सामान्य बहाव में लौट आई है, लेकिन पुल के गेट में फंसी लकडि़यां, बांस, झाड़-झंखाड़ और भारी मलबा अब भी पानी के रास्ते पर दीवार बनकर खड़ा है। हैरत की बात यह है कि प्रशासन के पास सफाई कराने का सबसे अनुकूल समय होने के बावजूद जिम्मेदार विभागों ने अब तक कोई पहल नहीं की।

यदि यही स्थिति अगली तेज बारिश तक बनी रही तो बहेला क्षेत्र को एक बार फिर उसी संकट से गुजरना पड़ सकता है, जिसे हर वर्ष प्राकृतिक आपदा कहकर टाल दिया जाता है। महाराष्ट्र सीमा से लगे बहेला क्षेत्र में छोटी बाघ नदी पर निर्मित कोल्हापुर डेम वर्षो से बाढ़ के समय बड़ी चुनौती बनता रहा है।

बारिश के दौरान नदी में बहकर आने वाली लकडि़यां, बांस, झाडि़यां और अन्य मलबा पुल के गेट में फंस जाता है, जिससे पानी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो जाता है। परिणामस्वरूप नदी का पानी वापस उफान लेकर निचले इलाकों में फैलने लगता है और बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो जाते हैं।

### प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा भुगतते हैं ग्रामीण..

इस वर्ष आई बाढ़ के दौरान भी यही स्थिति बनी थी। अब जबकि जलस्तर काफी नीचे आ चुका है और पुल की सफाई बिना किसी जोखिम के कराई जा सकती है, तब भी संबंधित विभागों की निष्क्रियता समझ से परे है। पुल में फंसा मलबा आज भी जस का तस पड़ा हुआ है, मानो अगली बारिश का इंतजार कर रहा हो। ग्रामीणों का कहना है कि यदि हर वर्ष बाढ़ के बाद इसी अवधि में पुल की नियमित सफाई और रखरखाव सुनिश्चित कर दिया जाए तो पानी की निकासी निर्बाध बनी रहेगी और बहेला क्षेत्र में बाढ़ का खतरा काफी हद तक कम किया जा सकता है। लेकिन हर साल यही लापरवाही दोहराई जाती है और नुकसान झेलते हैं आम नागरिक। अब क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और जल संसाधन विभाग से मांग की है कि मानसून के अगले दौर से पहले युद्धस्तर पर पुल में फंसे मलबे को हटाया जाए। साथ ही ऐसी तकनीकी व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे भविष्य में बहकर आने वाला मलबा गेट में न अटके और नदी का प्राकृतिक बहाव बाधित न हो।

### आज भी पानी के प्रवाह में बाधा बना मलबा..

इस वर्ष आई बाढ़ के दौरान भी बड़ी मात्रा में लकडि़यां, बांस, झाडि़यां और अन्य मलबा पुल के गेट में आकर अटक गया था। अब जबकि नदी का जलस्तर काफी कम हो चुका है और सफाई कार्य कराने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध है, तब भी संबंधित विभागों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है।

पुल में फंसा यह मलबा आज भी पानी के प्रवाह में बाधा बना हुआ है और यही स्थिति अगली बारिश में बड़े संकट का कारण बन सकती है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि प्रशासन हर वर्ष बाढ़ आने के बाद राहत और बचाव की कवायद तो करता है, लेकिन बाढ़ के प्रमुख कारणों को दूर करने के लिए समय रहते कोई प्रभावी कदम नहीं उठाता।

यदि जलस्तर कम होने के दौरान ही पुल की सफाई कर दी जाए तो आगामी बारिश में पानी का बहाव निर्बाध रहेगा और बाढ़ की संभावना काफी हद तक कम हो सकती है। इसके विपरीत यदि यह मलबा यथावत पड़ा रहा तो तेज बारिश के दौरान पानी की निकासी बाधित होगी और एक बार फिर बहेला सहित आसपास के निचले क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो सकती है।

# सावन में बहेगी भक्ति और आस्था की बहार, 30 ग्रामों में होगा अखंड रामायण का पाठ..

## सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ लगेगा स्वास्थ शिविर..







जगप्रेरणा लांजी।

***श्रावण मास के पावन अवसर पर लांजी एवं किरनापुर क्षेत्र के 30 गांवों में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 29 जुलाई 2026 से 28 अगस्त 2026 तक 'अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ' एवं भारतीय संस्कृति के***

आधारभूत मूल्यों पर आधारित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान पूरे श्रावण मास तक चलेगा, जिसमें प्रत्येक गांव में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ 29 जुलाई से 30 जुलाई तक देवरबेली से होगा। इसके बाद क्रमशः कलपाथरी, थानेगांव, सुलसुली, घोटी, नेवरवाही, कोसमारा, पीपलगांव, टेमनी, मोहारा, बोरगांव, पल्हेरा, किन्ही, मुंडेसरा, बिनोरा, कोकना, कान्द्रीकला, सावरीकला, देवलगांव, कारंजा, साडरा, कुम्हारीकला, पालडोंगरी, बड़गांव-म, बहेला, सावरीखुर्द, मोहझरी, टेंडवा, भिमोड़ी एवं दुलापुर ग्रामों में क्रमवार आयोजन किए जाएंगे। आयोजन समिति ने बताया कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में कार्यक्रम की तिथियों में आंशिक परिवर्तन किया जा सकता है।

आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य श्रीरामचरित मानस के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक जागृति लाने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों का प्रचार-प्रसार करना है। इसके साथ ही सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा युवाओं के मार्गदर्शन से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस की शुरुआत प्रातः 6 बजे योग, प्राणायाम एवं ध्यान से होगी। इसके बाद नगर संकीर्तन यात्रा निकाली जाएगी तथा गांव के मंदिरों में पूजन-अर्चन एवं ध्वज स्थापना के साथ अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का शुभारंभ किया जाएगा। इस दौरान विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए शिक्षा, करियर, परिवार संस्कार तथा पुलिस एवं सेना भर्ती संबंधी मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।

द्वितीय दिवस पर महिला मंडलों के सहयोग से गांव के 25 चयनित स्थानों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, दवा वितरण, मोतियाबिंद जांच एवं चयनित मरीजों के ऑपरेशन की व्यवस्था रहेगी।

दुर्घटनाओं में हाथ या पैर गंवा चुके दिव्यांगजनों का कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने के लिए चयन भी किया जाएगा। इसके पश्चात हवन-यज्ञ, गौपूजन एवं नौकन्या पूजन संपन्न होगा तथा शाम को मानस प्रसादम (भोजन) का आयोजन किया जाएगा।

आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर धार्मिक अनुष्ठान एवं सामाजिक सेवा गतिविधियों का लाभ उठाने तथा तन, मन, धन एवं अन्न से सहयोग प्रदान कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज में सेवा, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश देने का भी माध्यम बनेगा। कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामवासी एवं ग्राम समितियों द्वारा किया जा रहा है। अभिनंदन लाइफफाउंडेशन सेवा सहयोग प्रदान कर रहा है, जबकि एकल अभियान संच लांजी के अध्यक्ष झनकार किरनापुरे कार्यक्रम के संयोजक हैं।

# पुष्पारानी बड़घैया को कंप्यूटर साइंस विषय में मिली डॉक्टरेट की उपाधि..

## पीएचडी उपाधि मिलने पर शिक्षाविदों, सामाजिक, राजनैतिक व शुभचिंतको ने दी बधाइयां..






जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी क्षेत्र की प्रथम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की संस्थापक परिवार से जुड़ी डॉ. पुष्पारानी बड़घैया को कंप्यूटर विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है।***

इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा कोसमी, तहसील छुरा, जिला गरियाबंद (छत्तीसगढ़) द्वारा पुष्पारानी बड़घैया को शोध प्रबंध 'सिंथेटिक एपर्चर रडार छवियों का सुपर-रिजॉल्यूशनः संशोधित सीएनएन तथा रेक्टिफाइड लीनियर यूनिट-6 पर आधारित डीप लर्निंग का उपयोग' विषय पर डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई। पुष्पारानी बड़घैया लांजी क्षेत्र के गांव कोचेवाही की निवासी हैं तथा वर्तमान में बालाघाट में रह रही हैं। वे सहायक प्राध्यापक डॉ. ताराचंद बड़घैया (रसायन शास्त्र) की धर्मपत्नी हैं। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. आभा ताम्रकार, एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर विज्ञान विभाग, आईएसबीएम विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में पूरा किया।

### शिक्षा और योगदान..

पुष्पारानी बड़घैया ग्राम खजरी, लांजी की निवासी तथा श्रीमती कांतीदेवी लक्ष्मीचंद कर्राहे की सुपुत्री हैं। उनके परिवार ने लांजी क्षेत्र को पहला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय 'श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी' की स्थापना का अनमोल उपहार दिया है।

उन्होंने स्नातक तक की शिक्षा हैदराबाद से तथा स्नातकोत्तर शिक्षा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर से प्राप्त की। बचपन से ही शिक्षा के प्रति समर्पित रहते हुए उन्होंने अपनी मेहनत और योग्यता से यह उपलब्धि हासिल की है। वर्तमान में वे विद्यार्थियों को निरंतर मार्गदर्शन दे रही हैं तथा शिक्षा के प्रसार में सक्रिय योगदान दे रही हैं।

### सफलता का श्रेय परिवार को..

इस उपलब्धि पर डॉ. पुष्पारानी बड़घैया ने अपने परिजनों, गुरुजनों और शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया है।

### बधाई और शुभकामनाएं..

इस खुशी के अवसर पर आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद महालवार, कुलसचिव डॉ. बी.पी. भोल, डीन (अकादमी) डॉ. एन.के. स्वामी, पीएचडी सेल प्रभारी डॉ. राकेश तिवारी, रिसर्च कोऑर्डिनेटर श्रीमती स्वाति शर्मा, लांजी-किरनापुर विधायक राजकुमार कर्राहे, लक्ष्मीकांता कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी के संचालन समिति, प्राचार्य तथा समस्त स्टॉफ ने हार्दिक बधाई दी है। परिवार के सदस्यों श्रीमती कांतीदेवी लक्ष्मीचंद कर्राहे, श्रीमती शुगन खेमचंद कर्राहे, लखाराम बड़घैया, सी.एल. बड़घैया, श्रीमती ममताचंद, डॉ. लक्ष्मीचंद (प्राचार्य, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस), सुकचंद बड़घैया, रामचंद बड़घैया, गुलाबचंद बड़घैया, प्रेमचंद बड़घैया, डॉ. ताराचंद बड़घैया, श्रीमती गुड़िया किशोर कुमार कर्राहे, श्रीमती घटा श्रीराम कर्राहे, श्रीमती उषारानी गजानंद बड़घैया, श्रीमती हीरा दिगंबर बड़घैया, श्रीमती लक्ष्मीदेवी निरंजन देवगड़े, मुकेश कर्राहे, सुरेश कर्राहे, हरिराम कर्राहे, आरव, आरल बड़घैया सहित सभी मित्रगण, शुभचिंतक और विद्यार्थियों ने भी डॉ. पुष्पारानी बड़घैया को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# किरनापुर जनपद पंचायत के नव निर्मित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण व आवंटन प्रक्रिया में जनपद सदस्यों ने गुमटी वालों का रखा पक्ष..







जगप्रेरणा किरनापुर।

***जनपद पंचायत किरनापुर में हाल ही में जनपद सदस्यों की विकास राशि से 22 कमरों के एक भव्य शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य पूरा किया गया है।***

लेकिन इस विकास योजना ने स्थानीय छोटे दुकानदारों और प्रशासन के बीच एक नया विवाद खड़ा कर दिया है।

### 30-35 वर्षों से रोजी-रोटी कमा रहे थे छोटे व्यवसायी..

जिस स्थान पर इस नए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया गया है, वहाँ पिछले 30 से 35 वर्षों से स्थानीय हाथ ठेला, चाय गुमटी और छोटे-मोटे व्यवसाय करने वाले लोग अपनी दुकानें लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे।

कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए इन गरीब और मध्यमवर्गीय दुकानदारों को वहाँ से हटा दिया गया था। अब काम पूरा होने के बाद, इन विस्थापित दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

### महंगी नीलामी प्रक्रिया का विरोध..

दुकानदारों का आरोप है कि प्रशासन अब इन कमरों को खुली नीलामी के जरिए आवंटित करने की तैयारी में है। नीलामी की राशि इतनी अधिक होने की उम्मीद है कि वर्षों से वहाँ व्यापार कर रहे छोटे गुमटी वाले इसे वहन करने में पूरी तरह असमर्थ हैं। ऐसे में उन्हें मजबूरन भारी-भरकम राशि देकर कमरे लेने पड़ सकते हैं, या फिर हमेशा के लिए अपनी जगह से हाथ धोना पड़ेगा।

### जनपद सदस्यों ने प्रशासन से लगाई गुहार..

इस संवेदनशील मामले में अब क्षेत्र के जनपद सदस्यों ने पीड़ित गुमटी और ठेला चालकों का पक्ष लेते हुए प्रशासन को अवगत कराया है।

### जनपद सदस्यों का कहना है कि..

'विकास का उद्देश्य गरीबों को उजाड़ना नहीं, बल्कि उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना होना चाहिए। चूंकि यह कॉम्प्लेक्स जनपद सदस्यों की राशि से बना है, इसलिए इसमें उन गरीब दुकानदारों के हितों का ध्यान रखा जाना चाहिए जो दशकों से यहाँ बैठकर अपनी आजीविका चला रहे थे।'

जनपद सदस्यों ने स्थानीय प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि विस्थापित दुकानदारों के लिए नीलामी के नियमों में ढील दी जाए और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर, किफायती व रियायती दरों पर इन कमरों का आवंटन किया जाए ताकि उनका रोजगार सुरक्षित रह सके।

**जनपद सदस्य** - मुकेश सिंह चौहान (बस एसोसिएशन अध्यक्ष बालाघाट), मनीष भिमटे जनपद पंचायत सदस्य किरनापुर, हरीश लिल्हारे जनपद पंचायत सदस्य किरनापुर ने प्रशासन की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए न्याय की मांग की है।

# सीएमएचओ ने किरनापुर में विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक लेकर स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की..





जगप्रेरणा किरनापुर।

***शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।***

बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आयुषी राउत सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान अनमोल पोर्टल, एचएमआईएस, दस्तक अभियान, नियमित टीकाकरण, सीएम हेल्पलाइन, एनसीडी कार्यक्रम, संस्थागत प्रसव तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम सहित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं ग्राम आरोग्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में जिला कार्यालय से आईडीएसपी मैनेजर अनूप देशमुख, ब्लॉक स्तर के बीईई, बीपीएम, बीसीएम, सेक्टर सुपरवाइजर, सीएचओ, एएनएम सहित स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला उपस्थित रहा।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
लालबर्रा, बैहर, परसवाड़ा
● कनकी ● खमरिया ● जाम ● कंजई ● उकवा ● मलाजखंड ● बिरसा ● लामटा ● चांगोटोला

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# पीजी कॉलेज बालाघाट में 'नशा मुक्त भारत खुशहाल भारत 2.0' अभियान के तहत शपथ एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित..






जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में शुक्रवार को प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी)***

के संयुक्त तत्वावधान में 'नशा मुक्त भारत खुशहाल भारत 2.0' अभियान के अंतर्गत जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 400 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. गजानन कटरे तथा राष्ट्रीय सेवा योजना बालक इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुखचंद्र ऐड़े ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट, शराब एवं अन्य मादक पदार्थों से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर नशा मुक्ति विषय पर पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक हानियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। साथ ही विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में एनएसएस स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स एवं छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से नशा मुक्ति की शपथ ली और स्वयं नशे से दूर रहने के साथ परिवार एवं समाज को भी जागरूक करने का संकल्प लिया। इस दौरान ÷नशे से दूरी है जरूरी÷ और ÷युवा शक्ति का यही संदेश, नशा मुक्त हो अपना देश÷ जैसे जागरूकता नारों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, एनएसएस स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन ने बदली नरेंद्र दक्खनवार की जिंदगी, गांव में मिला रोजगार और सम्मान

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले के विकासखंड बालाघाट के ग्राम केशलेवाड़ा निवासी नरेंद्र दक्खनवार के लिए रोजगार की तलाश हमेशा एक बड़ी चुनौती रही। नियमित आय का कोई स्थायी साधन नहीं होने के कारण उन्हें***

काम की तलाश में इधर-उधर भटकना पड़ता था। परिवार की जिम्मेदारियों के बीच भविष्य को लेकर चिंता बनी रहती थी। ऐसे समय में जल जीवन मिशन उनके जीवन में उम्मीद की नई किरण बनकर आया।





जल जीवन मिशन के तहत ग्राम केशलेवाड़ा में हर घर नल से जल योजना शुरू होने के बाद नरेंद्र दक्खनवार को पंप ऑपरेटर के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई। विभाग द्वारा उन्हें आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया, जिसके बाद वे प्रतिदिन समय पर मोटर संचालन, पानी की टंकी भरने, क्लोरीनेशन तथा पूरी जलापूर्ति व्यवस्था की नियमित निगरानी कर रहे हैं। उनकी मेहनत और जिम्मेदारी के कारण गांव के प्रत्येक घर तक समय पर स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल पहुंच रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि अब उन्हें रोजगार के लिए गांव छोड़कर बाहर नहीं जाना पड़ता और परिवार के साथ रहकर सम्मानपूर्वक आजीविका अर्जित कर रहे हैं।

नरेंद्र दक्खनवार का कहना है, ÷जल जीवन मिशन ने मुझे केवल रोजगार ही नहीं दिया, बल्कि अपने गांव की सेवा करने का अवसर भी दिया है।

आज मुझे गर्व है कि मेरी जिम्मेदारी से पूरे गांव को नियमित शुद्ध पेयजल मिल रहा है। इस योजना ने मेरे परिवार को आर्थिक संबल दिया है और मुझे आत्मनिर्भर बनाया है। इसके लिए मैं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल जीवन मिशन तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने डाइट बालाघाट में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का किया निरीक्षण



जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती धनश्री जैन ने शुक्रवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बालाघाट पहुंचकर जनशिक्षकों के लिए आयोजित पांच दिवसीय अकादमिक***

एवं मॉनिटरिंग आधारित क्षमतावर्धन प्रशिक्षण तथा ईसीसीई आधारित नर्सरी, केजी-1 एवं केजी-2 कक्षाओं में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों के तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का अवलोकन किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों से संवाद कर प्रशिक्षण की उपयोगिता पर चर्चा की तथा प्रभावी शिक्षण के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती जैन ने डाइट के प्राचार्य एवं अकादमिक स्टाफके साथ नवीन शैक्षणिक सत्र में संचालित की जाने वाली गतिविधियों, शिक्षण की गुणवत्ता और अकादमिक योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रशिक्षणों के माध्यम से शिक्षकों की दक्षता बढ़ाने तथा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर सहायक संचालक श्री मोहित डहेरिया, डाइट प्राचार्य श्री एन.पी. मलगाम, जिला परियोजना समन्वयक श्री घनश्याम बर्मन, प्रशिक्षण प्रभारी श्री के.डी. तितिरमारे, अकादमिक स्टाफ मास्टर ट्रेनर्स तथा बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी शिक्षक उपस्थित रहे।

# लालबर्रा महाविद्यालय में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत विशेष व्याख्यान आयोजित




जगप्रेरणा लालबर्रा।

***शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति एवं जन-जागरूकता विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।***

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन-अर्चन के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ. देवराज चैरे ने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं नशामुक्त युवा ही राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। व्याख्यान के दौरान प्रो. सुमन बरवा ने कहा कि नशा उन्मूलन केवल शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक बनने और दूसरों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे ने अपने उद्बोधन में कहा कि शराब, तंबाकू, गुटखा, सिगरेट एवं अन्य मादक पदार्थ युवाओं के स्वास्थ्य, भविष्य और पारिवारिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती भूमेश्वरी ठाकरे ने किया तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती अनिभा शरणागत ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।

# हर घर जल योजना से बदली संगीता सोलंकी की जिंदगी, पानी की चिंता हुई खत्म..



जगप्रेरणा लालबर्रा।

***बालाघाट जिले के विकासखंड लालबर्रा के ग्राम खारी की निवासी संगीता सोलंकी के लिए कभी पानी की व्यवस्था करना रोज की सबसे बड़ी चुनौती थी। गांव में घर तक पेयजल की सुविधा नहीं***

होने के कारण उन्हें प्रतिदिन दूर स्थित हैंडपंप और कुओं से पानी लाना पड़ता था। पानी लाने में कई घंटे बीत जाते थे, जिससे घर के काम प्रभावित होते थे और परिवार को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। सबसे अधिक असर उनके बच्चों की पढ़ाई पर पड़ता था, क्योंकि पानी भरने के कारण उन्हें कई बार स्कूल पहुंचने में देर हो जाती थी। स्थिति तब बदली जब केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन के तहत गांव में पानी की टंकी का निर्माण हुआ और हर घर तक पाइपलाइन के माध्यम से नल कनेक्शन उपलब्ध कराया गया। संगीता सोलंकी के घर भी नल से नियमित शुद्ध पेयजल मिलने लगा। अब उन्हें पानी के लिए घर से बाहर नहीं जाना पड़ता। समय की बचत होने से वे घर के सभी कार्य समय पर कर लेती हैं और उनके बच्चे भी बिना किसी बाधा के नियमित रूप से समय पर स्कूल पहुंचकर पढ़ाई कर रहे हैं। इससे परिवार के जीवन में सुविधा, स्वास्थ्य और खुशहाली आई है।

संगीता सोलंकी कहती हैं, ÷पहले पानी की बहुत समस्या थी। दूर-दूर से पानी लाना पड़ता था, जिससे घर के काम और बच्चों की पढ़ाई दोनों प्रभावित होते थे। अब जल जीवन मिशन के कारण घर पर ही नल से शुद्ध पानी मिल रहा है। हमारी सबसे बड़ी परेशानी दूर हो गई है। इसके लिए मैं सरकार और जल जीवन मिशन से जुड़े सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ।÷ संगीता की यह कहानी बताती है कि जल जीवन मिशन केवल घरों तक पानी पहुंचाने की योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवारों के जीवन में सम्मान, सुविधा और बेहतर भविष्य लाने का एक प्रभावी अभियान है।

# डायरिया रोको अभियान के तहत पीएचई विभाग ने पेयजल स्रोतों की जांच कर ग्रामीणों को किया जागरूक







जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले में जलजनित बीमारियों की रोकथाम एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा 'डायरिया रोको अभियान' के तहत ग्राम ओरम्हा, टेकाड़ी एवं डोगरबोड़ी में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।***

कार्यपालन यंत्री बी.एल. उइके के निर्देशन में पीएमयू समन्वयक शीतल मिश्रा, हरीश झा एवं ब्लॉक समन्वयक रानी सिंह राजपूत ने गांवों का भ्रमण कर पेयजल स्रोतों का निरीक्षण किया तथा फील्ड टेस्ट किट (एफ्टीके) से पानी की गुणवत्ता की जांच की। साथ ही ग्रामीणों को स्वयं पानी की जांच करने की प्रक्रिया भी समझाई गई।

बरसात के मौसम में डायरिया एवं अन्य जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए विभागीय टीम ने हैंडपंपों एवं सार्वजनिक पेयजल स्रोतों का क्लोरीनेशन कराया। इसके अलावा ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को हाथ धोने की सही विधि का प्रदर्शन कर स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया गया। टीम ने भोजन से पहले, भोजन बनाने से पहले तथा शौच के बाद साबुन से हाथ धोने की आदत अपनाने पर विशेष जोर दिया।

अभियान के दौरान विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों से हमेशा स्वच्छ एवं ढका हुआ पानी पीने, पेयजल स्रोतों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा दूषित पानी के उपयोग से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता, स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल ही डायरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम का सबसे प्रभावी उपाय है।









विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# नए पाठ्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आमगांव में शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न..



जगप्रेरणा आमगांव।

*राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) तथा महाराष्ट्र शासन द्वारा लागू किए जा रहे नए स्कूली पाठ्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से कक्षा तीसरी एवं चौथी* के शिक्षकों के लिए चार दिवसीय तालुकास्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आमगांव में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), गोंदिया के मार्गदर्शन तथा समूह शिक्षा अधिकारी कार्यालय, आमगांव के समन्वय से एल. एम. अध्यापक विद्यालय के सभागार में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को नए पाठ्यक्रम की अवधारणा, शिक्षण पद्धति, अधिगम निष्पत्तियां, मूल्यांकन प्रक्रिया, गतिविधि आधारित शिक्षण, विद्यार्थी केंद्रित शिक्षा तथा नवाचारी शिक्षण विधियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों में रचनात्मकता, तार्किक चिंतन, संवाद कौशल एवं अनुभव आधारित शिक्षा को विकसित करने के लिए आवश्यक शिक्षण कौशलों पर विशेष मार्गदर्शन किया। इस प्रशिक्षण में आमगांव तहसील की जिला परिषद तथा निजी विद्यालयों के बड़ी संख्या में शिक्षकों ने सहभागिता की। समूह चर्चा, प्रायोगिक सत्र, पाठ योजना निर्माण, गतिविधि प्रस्तुतीकरण तथा प्रश्नोत्तर के माध्यम से शिक्षकों को नए पाठ्यक्रम की प्रभावी समझ विकसित करने का अवसर मिला।

प्रशिक्षण में विशेषज्ञ मार्गदर्शक के रूप में शेखर ब्राह्मणकर, कुमुदिनी घोडेस्वार, मंगला डिवरे एवं सचिन राऊत ने विभिन्न विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन किया। उन्होंने नए पाठ्यक्रम की संकल्पना, शिक्षण में आवश्यक बदलाव, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा प्रभावी मूल्यांकन प्रणाली पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। प्रशिक्षण के दौरान समूह शिक्षा अधिकारी सुखचंद वाघमारे, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) गोंदिया के प्राचार्य राजकुमार हिवारे, जिला समन्वयक कुलदीपिका बोरकर तथा अधिव्याख्याता वैद्य ने प्रशिक्षण वर्ग का निरीक्षण कर शिक्षकों का मार्गदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि नए पाठ्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का उपयोग कक्षा शिक्षण में प्रभावी ढंग से किया जाना चाहिए। प्रशिक्षण का नियोजन एवं व्यवस्थापन समूह साधन केंद्र, आमगांव द्वारा किया गया। प्रशिक्षण को सफल बनाने में खुमेश कटरे एवं सुनील बोपचे ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

चार दिवसीय प्रशिक्षण से शिक्षकों का नए पाठ्यक्रम के प्रति आत्मविश्वास बढ़ा है। सहभागी शिक्षकों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, आनंददायी एवं कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

# अग्रवाल विज्ञान महाविद्यालय में रोजगार मेले का सफल आयोजन



जगप्रेरणा राकेश रोकडे
सालेकसा।

*प्रताप मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट, गोंदिया द्वारा संचालित शंकरलाल अग्रवाल विज्ञान महाविद्यालय, सालेकसा में दिनांक 16 जुलाई 2026 को कौशल,* रोजगार, उद्यमिता एवं नवाचार विभाग, जिला कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता एवं मार्गदर्शन केंद्र तथा मॉडल करियर सेंटर, गोंदिया के संयुक्त तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. नारायण मूर्ति ने की। मुख्य अतिथि के रूप में श्री योगेंद्र शेंडे (सहायक आयुक्त, युवा कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग, गोंदिया), श्री प्रवीण आत्राम (कौशल विकास अधिकारी) तथा श्री विजयजी फुंडे (नगराध्यक्ष, सालेकसा) उपस्थित रहे।

अपने प्रास्ताविक भाषण में प्राचार्य डॉ. एस. नारायण मूर्ति ने रोजगार मेले की पृष्ठभूमि स्पष्ट करते हुए इसके उद्देश्य पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में श्री योगेंद्र शेंडे एवं श्री विजयजी फुंडे ने विद्यार्थियों से कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने तथा स्वयं को रोजगार के योग्य बनाने का आह्वान किया।

इसके पश्चात रोजगार मेले में सहभागी विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के साक्षात्कार लिए तथा उन्हें करियर संबंधी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। वर्तमान समय में बड़ी संख्या में विद्यार्थी स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद रोजगार से वंचित रह जाते हैं। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इस रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

रोजगार मेले में 218 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कर विभिन्न कंपनियों के साक्षात्कार में भाग लिया, जिनमें से कई विद्यार्थियों का प्रारंभिक स्तर पर चयन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रा. प्रणाली शिंगाडे ने किया तथा डॉ. प्रवीण पाटील ने आभार व्यक्त किया।

इस रोजगार मेले के सफल आयोजन हेतु संस्था के अध्यक्ष श्री विशालजी अग्रवाल, सचिव श्री प्रफुलजी अग्रवाल के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने अथक परिश्रम किया।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो
के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

# सालेकसा में बोलेरो पिकअप से 3 लाख का सुगंधित हुक्का तंबाकू जब्त..

## दो आरोपियों पर मामला दर्ज..



जगप्रेरणा सालेकसा।

*सालेकसा पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रोंढा नाले के पास पुलिस ने एक सफेद रंग की महिंद्रा बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक* एमएच-35/एजे-1042 से बड़ी मात्रा में सुगंधित हुक्का तंबाकू जब्त किया है। कार्रवाई में वाहन सहित कुल 8 लाख 50 हजार रुपये का माल जब्त किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जब्त बोलेरो पिकअप वाहन की कीमत करीब 5 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 10 बड़ी सफेद बोरियां मिलीं। प्रत्येक बड़ी बोरी में 4 छोटी हरे रंग की बोरियां रखी थीं। इनमें कुल 2,000 पैकेट आर.के. सुपर प्रीमियम क्वालिटी सुगंधित हुक्का तंबाकू पाया गया। प्रति पैकेट 100 रुपये के हिसाब से इसकी कुल कीमत 2 लाख रुपये आंकी गई।

इसी प्रकार वाहन से 5 बड़ी हल्के पीले रंग की बोरियां भी बरामद की गईं। प्रत्येक बड़ी बोरी में 4 छोटी हरे रंग की बोरियां थीं, जिनमें कुल 1,000 पैकेट एम.डी.-7 सुपर प्रीमियम क्वालिटी सुगंधित हुक्का तंबाकू पाया गया। इसकी कीमत 1 लाख रुपये बताई गई है।

इस तरह पुलिस ने 5 लाख 50 हजार रुपये कीमत के वाहन और 3 लाख रुपये के सुगंधित हुक्का तंबाकू सहित कुल 8 लाख 50 हजार रुपये का मुद्देमाल जब्त किया है।

इस मामले में वाहन चालक महेश सुशील नेवारे (41), निवासी बहेला, तहसील लांजी, जिला बालाघाट (मध्य प्रदेश) तथा उसके साथ मौजूद जगदीश लहुलाल भोयर (38), निवासी अंधियाटोला, तहसील लांजी, जिला बालाघाट के खिलाफ सालेकसा पुलिस थाने में अपराध क्रमांक 344/2026 दर्ज किया गया है।

दोनों आरोपियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा संबंधित नियम-विनियम 2011 की विभिन्न धाराओं के साथ ही भारतीय न्याय संहिता 2023 की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की आगे की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक किशोर मावस्कर कर रहे हैं।

# महाराष्ट्र राज्य छात्रवृत्ति परीक्षा में माउंट कैमेट पब्लिक स्कूल के तीन विद्यार्थियों का चयन







जगप्रेरणा गोरेगांव।

*माउंट कैमेट पब्लिक स्कूल, गोरेगांव के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने महाराष्ट्र राज्य* छात्रवृत्ति परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य शासन की छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु पात्रता हासिल की है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। प्री-अपर प्राइमरी स्कॉलरशिप (कक्षा 5वीं) में अरुष अरविंद कोटरंगे एवं आरोही कमेंद्र रहांगडाले का चयन हुआ है, जबकि प्री-सेकेंडरी स्कॉलरशिप (कक्षा 8वीं) में विद्येश्री विलासकुमार रहांगडाले ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा मार्गदर्शक शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि ये विद्यार्थी भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, जिले एवं राज्य का नाम गौरवान्वित करेंगे।

# गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

## सायबर ऑफीसर बता कर की लाखो की धोखाधडी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत धोखाधडी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 31/5/2026 से दिनांक 15/6/2026 के दरम्यान फर्यादी वसीम खान कुरैशी उम्र 42 वर्ष निवासी बाजार चौक रामनगर की पत्नी का आरोपीने सोशल मिडिया के इंस्टाग्राम अकाउंट मे मैसेज कर दोस्ती किया और उसको पार्सल भेज कर कहा मुंबई एयर पोर्ट मे पार्सल पहुच गया है। उसके बाद एक नंबर से फोन आया और कहा की पार्सल का फाईन भरना पड़ेगा। मै सायबर आफीसर बोल रहा हु नही तो तुमपर केस बनेगा बोलकर क्यु आर कोड के माध्यम से 5 लाख 39 हजार 990 लिये और जब फर्यादी को अपने साथ धोखाधडी की जानकारी हुई तो उसने दिये शिकायत पर पोस्टे रामनगर मे आरोपी के खिलाफअपराध क्रमांक 425/2026 धारा 318,4,351,4,3,5, बी एन एस 2023 सहकलम 66 डी, जानकारी तंत्रज्ञान कानून 2000 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोनी तिरुपती अशोक राणे पोस्टे रामनगर कर रहे है।

## रेती चोर ट्रक सहीत गिरफ्तार मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के देवरी पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 16/7/2026 के 6 बजे के दरम्यान शिरपुर नाका परीसर मे फर्यादी पोशी मनोहर शामलाल चौधरी पोस्टे देवरी अपनी ड्यूटी पर थे, उसी समय आरोपी ने अपने ट्रक क्रमांक सीजी 08 बिसी 8999 मे 2 ब्रास रेती ले जा रहे थे। उसे रोक कर फर्यादी ने पुछा तो कोई पास परमीशन उसके पास नही थी। रेती चोरी करते समय पकड़ाये जाने पर ट्रक और रेती कुल 10 लाख 12 हजार रुपए का माल जप्त कर दिये शिकायत पर पोस्टे देवरी मे अपराध क्रमांक 251/2026 धारा 302,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सफौ कोरोडे 947 पोस्टे देवरी कर रहे है।

## दो मोटरसायकल की भिडंत एक जख्मी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 15/7/2026 के शाम 4 बजे के दरम्यान बिरसी एयरपोर्ट के सामने फर्यादी निकेश भिमराज मंटाले उम्र 40 वर्ष का छोटा भाई मुकेश मटाले अपनी मोटरसायकल से जा रहा था। रास्ते मे सामने से आ रही मोटरसायकल चालक ओमेश मिनतराम परसमोडे निवासी पांजरा ने अपनी मोटरसायकल लापरवाहीसे चलाकर फर्यादी के भाई के वाहन को ठोस मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे रावणवाडी मे अपराध क्रमांक 368/2026 धारा 106,1, 281, भारतीय न्याय संहीता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सपोनी राठोड पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

## बेटे ने मां को मारकर किया जख्मी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगांव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 15/7/2026 के 11 बजे के दरम्यान ग्राम ठाणा मे फर्यादी नेतलाल श्रीराम कावळे उम्र 40 वर्ष निवासी ठाणा कुछ काम से गोंदिया आया था। उसे गाव के पुलिस पाटील ने फोन पर जानकारी दी की तुम्हारी बड़ी मा बेहोश हालत मे है, फर्यादी ने घर पहुच कर देखा तो बड़ी मा बेहोश थी उसके सर से खुन बह रहा था। उसे तुरंत अम्बुलँस मे डालकर उपचार के लिये ले जा रहे थे। फर्यादी ने चेहरे पर पानी मारा तो उसे होश आया और उसने जानकारी दी की बेटे ने सर पर बास की लकड़ी से मारा है, दिये बयान पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 468/2026 धारा 118,2, बि एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोऊपनी सागर चव्हाण पोस्टे आमगांव कर रहे है।

# सीईओ के आदेश के पालन पर उठे सवाल, साखरीटोला में गणित शिक्षक के अभाव से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित




जगप्रेरणा गोंदिया।

*जिला परिषद हाईस्कूल एवं कनिष्ठ महाविद्यालय साखरीटोला में गणित विषय के शिक्षक के अभाव के कारण कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने का* मामला सामने आया है। इस बीच मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद गोंदिया द्वारा जारी आदेश के पालन को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पवित्र पोर्टल के माध्यम से नव-नियुक्त शिक्षण सेवक कु. श्रद्धा धुवाधपाटे की नियुक्ति साखरीटोला विद्यालय में गणित विषय के लिए की गई थी। बाद में पारिवारिक कारणों से उनकी सेवाएं अस्थायी रूप से जिला परिषद हाईस्कूल एवं कनिष्ठ महाविद्यालय गोरेगांव में संलग्न कर दी गई थीं।

नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होने पर साखरीटोला विद्यालय में गणित शिक्षक के अभाव के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने लगी। इसे देखते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा वंदना ताई काळे, जिला परिषद सदस्य तथा मुख्याध्यापक जी. जे. परदेशी ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी से सेवा संलग्नता समाप्त कर शिक्षिका को मूल पदस्थापना स्थल पर भेजने का अनुरोध किया। बताया जाता है कि लगभग 600 विद्यार्थियों के शैक्षणिक हित को ध्यान में रखते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने 30 जून 2026 को सेवा संलग्नता आदेश निरस्त करते हुए संबंधित शिक्षिका को साखरीटोला में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश जारी किए। हालांकि, आरोप है कि गोरेगांव के प्रभारी मुख्याध्यापक द्वारा उक्त आदेश के अनुरूप संबंधित शिक्षिका को अब तक कार्यमुक्त नहीं किया गया है। यह भी दावा किया जा रहा है कि गोरेगांव विद्यालय में गणित विषय का कोई पद रिक्त नहीं है तथा वहां पहले से तीन गणित शिक्षक कार्यरत हैं। मामले को लेकर यह प्रश्न भी उठाया जा रहा है कि यदि गोरेगांव में पद रिक्त नहीं था, तो वहां सेवा संलग्नता किस आधार पर दी गई। वहीं, मुख्य कार्यकारी अधिकारी के आदेश के पालन में देरी से साखरीटोला के विद्यार्थियों के शैक्षणिक हित प्रभावित होने की बात भी सामने आ रही है। इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा एवं सदस्यों ने संबंधित शिक्षिका के वेतन रोकने के संबंध में प्रस्ताव पारित करने का निर्णय लिया है। अब यह देखना होगा कि जिला परिषद प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है तथा विद्यार्थियों को गणित शिक्षक की सुविधा कब तक उपलब्ध कराई जाती है।

# दो दिनों से रिमझिम से खिली किसानों के चेहरे पर मुस्कान

## सभी को मिली उमस एवं गर्मी से राहत..



जगप्रेरणा आमगांव।

*पुरे जुन महिने मे बारिश नही होने के बाद जुन के आखिरी सप्ताह में आई जोरदार बारिश के बाद पिछले 10 से 12 दिनो से बारिश ने मुंह फेर लिया था* जिससे उमस एवं गर्मी से नागरिक परेशान थे वही किसानों के चेहरे भी मुरझा गये थे बुआई के काम में आई तेजी के बाद बुआई का काम भी रुक गया था वही रोपाई के काम की आई तेजी भी रुक गई थी अभी तक केवल 20 प्रति. रोपाई का काम खत्म हूआ है 80 प्रति. रोपाई के काम के लिए अब भी दमदार बरिश किसान इंतजार कर रहे थे पिछले 10 से 12 दिनों से बारिश ने मुंह फेर लेने से अनेक किसानों पर दुबार बुआई का संकट मंडरा रहा था।

किसानों द्वारा अपने बुआई किये गये रोपो को बचाने के जद्दोजहद कर रहे थे ऐसे में ऐन जरुरत के समय पर ही बुआई के लिए अमुत एवं रोपाई के काम को गती मिलने वाली दो दिनों से आमगांव तहसील में चल रही रिमझिम बारिश ने किसानों का बुआई कि रोपो को नवसंजवनी मिल गई वही रोपाई के काम में बडे पैमाने पर तेजी आने की संभावना है।

वही पिछले 10 से 12 दिनो से उमस और गर्मी से परेशान नागरिक को भी उमस एवं गर्मी से राहत मिलती दिखाई दे रही है उमस एवं गर्मी से परेशान लोगों ने आखिरकार उमस एवं गर्मी से कुछ समय के लिए राहत की सांस ली है।

सुश्रृत क्षारसुत्र व आयुर्वेद पंचकर्म सेंटर
● मुळव्याध (बवासीर) ● भगंदर (नासुर)
● फिशर ● कड निकलना व अन्य गुदारोग

अत्याधुनिक व्हेसल सिलर, लेजर व क्षारसुत्र द्वारा दर्दरहित सफल चिकित्सा

व्हेसल सिलर मशिन

व्हेसल सिलर क्लॅम्प

लेजर
डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Scholar) CCKS (Guj)
मुळव्याध, भगंदर व गुदारोग विशेषज्ञ
डॉ. सौ. अपर्णा खोब्रागडे
BAMS, D.P.C. (Mumbai)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
साकेत पब्लिक स्कुल के पास, गणेश नगर, गोंदिया (महाराष्ट्र)
मोबा. 09823021274

अंकुर टेस्ट ट्यूब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएं..
■ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्यूब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्यूब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोस की जांच ■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



जग प्रेरणा
live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# गोंदिया शहर में भटके भालू को पकडऩे में वन विभाग नाकाम, भालू के रेस्क्यू के दौरान वनरक्षक घायल..

## गोंदिया के रिहायशी इलाकों में दहशत

जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया शहर के गणेशनगर और गोविंदपुर इलाके में 16 और 17 जुलाई की मध्यरात्रि में एक वयस्क भालू के भटककर रिहायशी क्षेत्र में पहुंचने से नागरिकों में दहशत का माहौल बना रहा। भालू को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम ने काफी मशक्कत की, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उसे पकड़ा नहीं जा सका।*



आखिरकार भालू कलेक्टर कार्यालय के पीछे स्थित खेतों की ओर भाग निकला। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार 16 जुलाई की देर रात वन विभाग के अधिकारियों को गोंदिया शहर के गणेशनगर इलाके में भालू के दिखाई देने की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही सहायक वन संरक्षक विजय धांडे और वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रशांत हुमने के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इसके साथ ही नवेगांव से रैपिड रिस्पॉन्स टीम (आरआरटी) को भी बुलाया गया। गोंदिया शहर पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची।


रेस्क्यू अभियान के दौरान मानद वन्यजीव संरक्षक सावन बहेकार, सेवा संस्था के स्वयंसेवक कन्हैया उदापुरे, दुष्यंत आकरे, दिलेश कुसराम, राउंड ऑफिसर मनोज भेंडारकर सहित अन्य लोग भी मौजूद थे। बारिश के बावजूद भालू को देखने के लिए मौके पर सैकड़ों स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। भीड़ और लगातार हो रही बारिश के कारण रेस्क्यू टीम को अभियान चलाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसी का फायदा उठाकर भालू वहां से निकलकर कहीं छिप गया। हालांकि, लोगों और वन विभाग की टीम ने राहत की सांस ली ही थी कि शुक्रवार तड़के भालू एक बार फिर गोविंदपुर इलाके में दिखाई दिया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम दोबारा मौके पर पहुंची। बताया गया कि भालू सिंचाई विभाग के कार्यालय परिसर में छिपा हुआ था।

सुबह से हो रही तेज बारिश के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी दिक्कतें आईं। सावन बहेकार के अनुसार, भालू ने रेस्क्यू के लिए लगाए गए जाल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया और वहां से भाग निकला। भालू को पकडऩे के प्रयास के दौरान वनरक्षक राजेंद्र गौतम घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए केटीएस शासकीय जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वन विभाग की टीम ने भालू का पीछा कलेक्टर कार्यालय के पीछे बहने वाले नाले तक किया, जहां से धान के खेत शुरू होते हैं। सहायक वन संरक्षक विजय धांडे ने बताया कि टीम ने भालू का पांगोली नदी तक पीछा किया और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। मानद वन्यजीव संरक्षक सावन बहेकार के अनुसार, भालू कचरे की ओर आकर्षित होते हैं। गोंदिया नगर परिषद द्वारा मोक्षधाम के समीप बड़ी मात्रा में कचरा डंप किया जा रहा है। मोक्षधाम के दूसरी ओर पांगड़ी और लोधीटोला का वन क्षेत्र है। संभावना जताई जा रही है कि जंगल से निकला भालू कचरे के ढेर की ओर आकर्षित होकर शहर के रिहायशी इलाके तक पहुंच गया होगा। उल्लेखनीय है कि पिछले दो वर्षों में यह दूसरी घटना है, जब भालू भटककर गोंदिया शहर की रिहायशी कॉलोनी में पहुंचा है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से स्थानीय नागरिकों में भय का माहौल है।

नागरिकों ने वन विभाग से भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने और मानव जीवन को संभावित खतरे से बचाने के लिए आवश्यक एवं प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

# विधायक विनोद अग्रवाल के प्रयासों से गोंदिया तहसील की 16 जि.प. स्कूलों को 34 अतिरिक्त कक्षों की मिली मंजूरी..

## मरम्मत के लिए रुपये 2 करोड़ और नए 34 अतिरिक्त वर्ग कक्षों के निर्माण हेतु रुपये 5.27 करोड़ स्वीकृत..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*महाराष्ट्र विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद अग्रवाल के लगातार प्रयासों से गोंदिया विधानसभा क्षेत्र की जिला परिषद स्कूलों को बड़ी सौगात मिली है। राज्य में निधि की कमी के बावजूद*

समग्र शिक्षा अभियान 2026-27 के तहत 34 अतिरिक्त वर्ग कक्षों के निर्माण को मंजूरी दी गई है, जिसके लिए रुपये 5.27 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। वहीं विद्यालयों की मरम्मत एवं दुरुस्ती के लिए रुपये 2 करोड़ की अतिरिक्त निधि भी मंजूर हुई है।

विधायक विनोद अग्रवाल ने मानसून सत्र के दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री दादा भूसे से मुलाकात कर क्षेत्र के जिप विद्यालयों में जर्जर भवन, बढ़ती छात्र संख्या और अतिरिक्त कक्षों की आवश्यकता का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उनकी प्रभावी पैरवी के बाद गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के प्रस्तावों को विशेष प्राथमिकता देते हुए 16 जिला परिषद विद्यालयों में प्रत्येक को दो-दो अतिरिक्त कक्ष स्वीकृत किए गए।

सभी प्रस्तावों को केंद्र सरकार से अंतिम प्रशासनिक स्वीकृति भी मिल चुकी है। इस योजना का लाभ रतनारा, डांगुर्ली, कोचेवाही, मोगर्रा, हिवरा, बढ़ेगांव, हलबीटोला, परसवाड़ा, कासा, देवरी, दतोरा, टांडा, रावणवाड़ी, सतोना, खमारी और तुमखेड़ा सहित कुल 16 विद्यालयों को मिलेगा।

विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की मजबूत नींव है। प्रत्येक विद्यार्थी को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है और भविष्य में भी क्षेत्र का कोई विद्यालय मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा।

उन्होंने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार तथा स्कूल शिक्षा मंत्री दादा भूसे का आभार व्यक्त किया। इस निर्णय का शिक्षकों, पालकों और नागरिकों ने स्वागत करते हुए इसे ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# गोंदिया शहर में आवारा कुत्तों ने स्कूल जाने घर के बाहर खड़ी मासूम बच्ची पर किया हमला, बच्ची घायल..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया शहर में लावारिस और आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक के कारण नागरिकों में डर का माहौल बना हुआ है। सुबह स्कूल जाने के लिए अपने घर के सामने खड़ी एक मासूम बच्ची पर कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर उसे घायल*



कर दिया। यह घटना गोंदिया शहर के प्रभाग क्रमांक 4, रिंग रोड पर मजार के पीछे स्थित एक घर की है। यहाँ एक 7 साल की बच्ची स्कूल जाने की तैयारी कर घर के सामने खड़ी थी। इसी दौरान, इलाके के आवारा कुत्तों के एक झुंड ने उस पर अचानक हमला बोल दिया। इस हमले में बच्ची मामूली रूप से घायल हो गई, लेकिन जैसे ही बच्ची ने शोर मचाया, पड़ोस की एक महिला तुरंत वहाँ पहुँची और उसने कुत्तों को भगाया, जिससे बच्ची की जान बच गई। हालांकि, इस भयानक डर के कारण बच्ची की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ उसका इलाज किया गया। इस घटना से एक बार फिर यह साफ हो गया है कि शहर में आवारा कुत्ते किस कदर दहशत फैला रहे हैं। गोंदिया शहर में भी आवारा कुत्तों का आतंक बहुत ज्यादा बढ़ गया है। शहर के सभी इलाकों में वाहन चालकों, राहगीरों, घर के सामने खेलने वाले छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर कुत्तों के हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। नतीजतन, अब गोंदिया नगर परिषद इन आवारा कुत्तों से शहर को मुक्त करे और इनसे बचने के ठोस उपाय करें, यह मांग की जा रही है।

# गोंदिया जिला राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की जिला कार्यकारिणी की बैठक आज..

## सांसद राजेन्द्र जैन एवं विधायक राजकुमार बडोले रहेंगे उपस्थित..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) गोंदिया जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आज 18 जुलाई 2026 दिन शनिवार को दोपहर 4:00 बजे एन.एम.डी. कॉलेज ऑडिटोरियम, गोंदिया में आयोजित*

की गई है। बैठक में राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन एवं अर्जुनी-मोरगांव विधायक राजकुमार बडोले प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में सभी तालुकाध्यक्ष, जिला एवं तहसील पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्य, नगर परिषद एवं नगर पंचायत सदस्य, सहकारिता क्षेत्र पदाधिकारी, बीएलए पदाधिकारी सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को उपस्थित रहने का आह्वान किया गया है। इसके अलावा महिला कांग्रेस, युवक राष्ट्रवादी कांग्रेस, युवती राष्ट्रवादी कांग्रेस, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, सामाजिक न्याय विभाग, सेवादल, ओबीसी सेल, किसान सेल, डॉक्टर सेल, व्यापार सेल सहित सभी प्रकोष्ठों के प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल होने अपील की गई है। जारी सूचना में कहा गया है कि फोन या व्यक्तिगत सूचना की प्रतीक्षा किए बिना सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता समय पर बैठक में उपस्थित रहें। यह अपील जिलाध्यक्ष प्रेमकुमार रहांगडाले, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्षा राजलक्ष्मी तुरकर, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष केतन तुरकर, किसान आघाड़ी जिलाध्यक्ष योगेंद्र भगत, सेवादल जिलाध्यक्ष गणेश बरडे, ओबीसी कांग्रेस जिलाध्यक्ष किशोर तरोने, व्यापार सेल जिलाध्यक्ष अजय गौर, डॉक्टर सेल जिलाध्यक्ष अविनाश जायसवाल, सांस्कृतिक सेल जिलाध्यक्ष डी.यू. रहांगडाले, अपंग सेल जिलाध्यक्ष मोहन पटले, ज्येष्ठ नागरिक सेल जिलाध्यक्ष तिलकचंद पटले तथा आदिवासी सेल जिलाध्यक्ष जियालाल पंधरे सहित गोंदिया जिला राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सभी प्रकोष्ठों की ओर से की गई है।

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

# गोंदिया जिले में विधानसभा वार 22 जुलाई से लगेंगे 'राजस्व जनकल्याण शिविर'

## एक ही स्थान पर मिलेंगी सरकारी सेवाएं



जगप्रेरणा गोंदिया।

*महाराष्ट्र शासन के छत्रपति शिवाजी महाराज महाराजस्व अभियान के तहत गोंदिया जिले में 22 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक राजस्व जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों के*

लंबित राजस्व संबंधी कार्यों का त्वरित निपटारा करना तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। राजस्व एवं वन विभाग की पहल पर आयोजित इन विशेष शिविरों में नागरिकों को राजस्व विभाग की सेवाएं सरल, पारदर्शी और त्वरित रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं उनका लाभ भी शिविर स्थल पर ही प्रदान किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने से राहत दिलाना तथा गांव स्तर पर ही अधिकतम शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराना है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शिविरों की योजना बनाई गई है। इन शिविरों का आयोजन जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायतों, स्थानीय स्वशासी संस्थाओं एवं विभिन्न विभागों के समन्वय से किया जाएगा।

### शिविरों का कार्यक्रम..

22 जुलाई 2026 को गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के जलाराम लॉन, गोंदिया में, तिरोड़ा-गोरेगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अटल बिहारी वाजपेयी सभागार, तिरोड़ा में, देवरी-आमगांव विधानसभा क्षेत्र के विजयालक्ष्मी सभागार, आमगांव में शिविर आयोजित किये गए हैं। इसी प्रकार 25 जुलाई 2026 को अर्जुनी-मोरगांव विधानसभा क्षेत्र के आशीर्वाद मंगल कार्यालय, सड़क अर्जुनी में शिविर आयोजित किया गया है। शिविरों के सफल संचालन के लिए गोंदिया, तिरोड़ा, आमगांव एवं सड़क अर्जुनी तहसीलों में क्रमशः चंद्रभान खंडाईत, पूजा गायकवाड़, कविता गायकवाड़ एवं ज्योति कांबळे को उपविभागीय अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। ये अधिकारी नागरिकों को आवश्यक सेवाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे तथा त्वरित निराकरण पर ध्यान देंगे। जिलाधिकारी मंदार पत्की ने जिले के सभी नागरिकों से अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनकल्याण शिविरों में पहुंचकर योजनाओं एवं सेवाओं के लाभ की अपील की है।

SONO VIEW
SONOGRAPHY · X-RAY · CT SCAN
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T. SCAN

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुध्द एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

दरियां • मैटिंग्स • कारपेट्स • डोरमेट्स • शॉल ब्लैंकेट्स • स्कूल की भोजन पतियां • ताड़पत्री मच्छरदानी • ग्रीन नेट • चादरे
बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलूम हाउस
उत्तम क्वालिटी वाजिब दाम हमारी पहचान
9890696200
होम डिलीवरी की सुविधा
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया | थोक व चिल्लर विक्रेता

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com